वर्ष : 32 » अंक : 167 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, मंगलवार, 5 दिसंबर 2023 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संपादक : अरुण लाल

तमिलनाडु-आंध्र से आज टकराएगा साइक्लोन मिचौंग

80 साल में चेन्नई में सबसे ज्यादा बारिश

5 की मौत; 204 ट्रेनें और 70 फ्लाइट रद्द

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

एजेंसी । नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को सुबह 12 बजे से पहले आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तट से टकराएगा। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, इस दौरान 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे (KMPH) की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। IMD ने बताया कि तूफान का असर ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी में रहेगा। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में सोमवार के लिए और तेलंगाना में 5 दिसंबर के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा में 5 दिसंबर के लिए ऑरेंज अलर्ट है। इन राज्यों में SDRF और NDRF की टीमें तैनात की गई हैं। अब तक 204 ट्रेनें और 70 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं।

चेन्नई में बाढ़ जैसे हालात

तमिलनाडु के चेन्नई में बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हैं। अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भरने की वजह से रनवे बंद कर दिया गया है। तूफान के कारण तमिलनाडु के महाबलीपुरम बीच पर समुद्र का स्तर लगभग 5 फीट तक बढ़ गया है। तमिलनाडु के वाटर सप्लाई मिनिस्टर के मुताबिक, 70-80 साल में चेन्नई शहर में पहली बार ऐसी बारिश हुई है। चेन्नई में रविवार से लेकर सोमवार सुबह 8:30 बजे तक 12cm बारिश दर्ज की गई है। कुछ इलाकों में 20 से 22cm तक बारिश हुई है।

म्यांमार ने दिया तूफान का नाम

मिचौंग तूफान नाम म्यांमार ने दिया है। इसका मतलब है ताकत और लचीलापन। मिचौंग साइक्लोन साल 2023 में बंगाल की खाड़ी का चौथा और हिंद महासागर में बनने वाला छठा तूफान है। तमिलनाडु में सोमवार और मंगलवार को जरूरी सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दी गई। यहां NDRF की 9 और SDRF की 14 टीम मुस्तैद है। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भरने की वजह से सोमवार सुबह 9:40 बजे से रात 11 बजे तक रनवे बंद कर दिया गया है। यहां 70 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। बाहर से आने वाली फ्लाइट बेंगलुरु डायवर्ट की जा रही हैं।

भारत के किन इलाकों में होता है साइक्लोन का सबसे ज्यादा खतरा

भारत के समुद्री तट की लंबाई **7500 किमी** से ज्यादा है

सुनामी के खतरे वाले तटीय इलाके (मैप प्रतीकात्मक है)

न्यूज ब्रीफ

गदा लेकर निकल पड़े, जीत के जोश में भाजपा विधायक का बवाल

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद नॉनवेज पर हंगामा शुरू हो गया है। जीत के 24 घंटे के भीतर भाजपा के विधायक बालमुकुंद आचार्य ने मांस को दुकानों को बंद कराने का 'ठेका' ले लिया

है। अधिकारियों को फोन पर मीट की दुकानों को बंद करने का आदेश देने के बाद आचार्य खुद अब लाइसेंस मांगने पहुंच गए। जयपुर के हवामहल सीट से चुनाव जीतने वाले बालमुकुंद का एक और वीडियो वायरल हो गया है। सोमवार को बालमुकुंद समर्थकों की भीड़ लेकर एक मांसाहारी होटल पर पहुंच गए। यहां वह लाइसेंस दिखाने की मांग करने लगे। मौके पर पुलिस और प्राशासन के अधिकारी भी पहुंच गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बालमुकुंद अधिकारियों को फटकार लगाते दिख रहे हैं। वह एक अधिकारी से कहते हैं कि वह होटल का लाइसेंस चेक करें। इस दौरान वहां काफी हंगामा हुआ। विधायक के समर्थकों में एक गदाधारी भी साथ था।

50 घंटे की कोशिश के बाद फटे पाइपलाइन के मरम्मत का काम पूरा

मुंबई। मुंबई मेट्रो के काम के दौरान गुरुवार को अंधेरी पूर्व में पानी की पाइपलाइन फट गई थी। जिसके चलते कई वार्डों में पानी का सप्लाई बंद कर दिया गया। लेकिन मुंबईवासियों के लिए बड़ी रातह है कि बीएमसी ने करीब 50

घंटे में मैराथन के बाद मरमत का काम पूरा का लिया है। मरमम्त का काम पूरा होने के बाद बीएमसी ने ट्वीट किया, लिखा, 50 घंटे की मैराथन के दौरान जमीनी और तकनीकी चुनौतियों पर काबू पाते हुए, अंधेरी में वेरावली सर्विस जलाशय की 1,800 मिमी जल मुख्य लाइन की मरम्मत आखिरकार पूरा कर लिया गया।

अब नौसेना की वर्दी पर लगेगी शिवाजी की शाही मुहर

प्रधानमंत्री ने सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण ● नेवी डे पर PM मोदी ने किए दो बड़े ऐलान

अमित बृज । मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिंधुदुर्गा में दो बड़े ऐलान किए हैं। भारतीय नौसेना दिवस के मौके पर सिंधुदुर्ग जिले में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए मोदी ने दो अहम घोषणाएं कीं। दिलचस्प बात यह है कि सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा बनाई गई है। इस प्रतिमा का अनावरण आज नरेंद्र मोदी ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोंकण पहुंचे और दो बड़ी और अहम घोषणाएं कीं। मोदी आज पहली बार कोंकण दौरे पर हैं। उनके हाथों राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। राजकोट किला छत्रपति शिवाजी महाराज ने 1660 में बनवाया था। इस किले पर भगवान शिव की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इस प्रतिमा का अनावरण आज मोदी ने किया।

पदों का नाम भारतीय परंपरा के अनुसार रखेगी नौसेना

नौसेना दिवस के मौके पर आज सिंधुदुर्गा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। नौसेना दिवस के इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मोदी ने दो बड़ी घोषणाएं कीं। नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की जय, छत्रपति वीर संभाजी महाराज की जय का उद्घोष किया। इसके बाद उन्होंने सिंधुदुर्गा के महत्व और सिंधुदुर्गा में किले के महत्व को भी समझाया। उन्होंने शिवराय और उनके मावलियाओं की महिमा की कथा कही। इसके बाद उन्होंने दो बड़े ऐलान किए। नौसेना की वर्दी पर अब होगी शिवाजी महाराज की शाही मुहर, इसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने की। साथ ही नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारतीय नौसेना अब अपने पदों का नाम भारतीय परंपरा के अनुसार रखेगी।

महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

पीएम मोदी ने कहा, 'हम सशस्त्र बलों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दे रहे हैं। मैं नौसेना को बधाई देता हूं कि आपने नौसेना जहाज में पहली महिला अधिकारी को नियुक्त किया है। आज का भारत हमारे लिए बड़े लक्ष्य तय कर रहा है। हम इसे पाने के लिए अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं।' भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने की बहुत बड़ी ताकत है। यह ताकत 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास है।'

पुणे पुलिस को ड्रग रैकेटियर ललित पाटिल केस में मिली एक और सफलता

येरवदा जेल का CMO गिरफ्तार

धीरज सिंह । पुणे

पुणे पुलिस ने यहां एक सरकारी अस्पताल से ड्रग रैकेटियर ललित पाटिल के भागने के मामले में सोमवार को येरवदा सेंट्रल जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने कहा। डॉ। संजय काशीनाथ अधिकारी ने कहा, येरवदा सेंट्रल जेल के सीएमओ मार्सेल को भारतीय दंड संहिता की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा लापरवाही से कारावास या हिरासत से भागना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। पाटिल, जो कई मामलों में वांछित था।

सरकारी ससून जनरल अस्पताल से भागने का मामला : 2 अक्टूबर को पुणे के सरकारी ससून जनरल

अस्पताल से पाटिल भाग गया जब उसे एक्स-रे के लिए ले जाया गया। अस्पताल से भागने के दो सप्ताह से अधिक समय बाद उसे 17 अक्टूबर को बेंगलुरु में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ आरोपियों में से एक ने खुलासा किया कि मार्सेल इलाज के बहाने पाटिल को जेल से ससून जनरल अस्पताल में स्थानांतरित करने के लिए रास्ते से हट गया था। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ के बाद और तथ्य सामने आएंगे।

मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा चुनाव हारे

ZPM को 40 में से 27 सीट; MNF को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस एक पर जीती

एजेंसी । नई दिल्ली

मिजोरम के 40 विधानसभा सीटों का रिजल्ट आ गया है। इस बार नई नवेली पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) 27 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट (MNF) को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस के खाते में एक सीट आई हैं। मिजोरम में सबसे बड़ा उलटफेर आइजोल ईस्ट-1 सीट पर हुआ। यहां मुख्यमंत्री जोरामथंगा चुनाव हार गए। उन्हें ZPM के ललथनसंगा ने 2 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। हार के बाद CM ने डॉ. हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात कर इस्तीफा दे दिया। ZPM की जीत पर पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री पद के दावेदार लालदुहोमा ने कहा- मैं पार्टी की जीत से खुश हूं। मुझे इसी तरह के नतीजों की उम्मीद थी। अगले दो दिनों के अंदर मैं राज्यपाल से मिलूंगा। शपथ ग्रहण इसी महीने होगा। लालदुहोमा इंदिरा गांधी के सिक्योरिटी इंचार्ज और कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं।

छह दलों के गठबंधन से बनी थी जोरम पीपुल्स मूवमेंट



मिजोरम पीपुल्स मूवमेंट पार्टी शुरुआत में छह क्षेत्रीय दलों का गठबंधन था। जिसमें मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। 2018 में ZPM ने इसी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा था और आठ सीटें जीतीं। इसके बाद चुनाव आयोग (ECI) ने आधिकारिक तौर पर जुलाई 2019 में पार्टी को रजिस्टर्ड किया। सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, 2019 में गठबंधन से बाहर हो गई थी और बाकी बची पांच पार्टियां एक में शामिल हो गईं, जिसे ZPM नाम दिया गया।

26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता को पाकिस्तान की जेल में दिया जहर

नई दिल्ली। '26/11, ये वो तारीख है, जिसे रहती दुनिया तक भारतभूमि भुला नहीं सकेगी। खबर आई है कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की जेल में बंद इस आतंकी घटना के अहम साजिशकर्ता साजिद मीर को जहर दे दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल भारत का मोस्ट वांटेड यह आतंकी वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। बता दें कि इसी साल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत ने चीन की इज्जत का फालूदा किया था। इसकी अहम वजह यह थी कि चीन की सत्ता की तरफ से भारत के उस प्रस्ताव में रोड़ा अटकाया जा रहा था, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की मांग रखी गई थी। यह कोई और नहीं, बल्कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई के होटल ताज हमले का साजिशकर्ता है और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शुमार लोगों में से है।

ममता ने 'इंडिया' गठबंधन को दिया तगड़ा झटका

दिल्ली में होने वाली की बैठक से बनाई दूरी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (INDIA Alliance) की समन्वय बैठक में शामिल नहीं होंगी। इसी दिन उत्तर बंगाल में उनका एक कार्यक्रम पहले से निर्धारित है। सीएम ममता ने कहा, 'मुझे उस (6 दिसंबर को भारत गठबंधन की बैठक) के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मेरे पास पहले से ही उस अवधि के दौरान उत्तर बंगाल में भाग लेने का कार्यक्रम है।' कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को तीन राज्यों में पार्टी को मिली

बड़ी हार के बाद 6 दिसंबर को विपक्षी गुट की अगली बैठक बुलाई थी। बैठक में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की योजना तैयार की जाएगी। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर होगी।

अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने 'इंडिया' गठबंधन बनाया है। 'इंडिया' गठबंधन की अब तक तीन बैठकें पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी हैं।

सांगली जिले में पूर्व सांसद राजू शेट्टी समेत 150 लोगों पर मामला दर्ज

मुंबई। सांगली जिले में स्वाभिमानी शेतकरी (किसान) संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सांसद राजू शेट्टी समेत करीब 150 कार्यकर्ताओं के खिलाफ शक्कर कारखाने में तोड़फोड़ करने के मामले में इस्लामपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की छानबीन पुलिस कर रही है। अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार सांगली में पूर्व सांसद शेट्टी ने अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल की राजारामबापू शुगर फैक्ट्री के समक्ष गन्ना मजदूरों और गन्ना किसानों के समर्थन में दो दिन तक प्रदर्शन किया था। इसी दौरान शुगर फैक्ट्री में प्रदर्शन के दौरान तोडफ़ोड़ भी की गई थी। इस पर शुगर फैक्ट्री के सचिव दिलीप महादेव पाटिल ने राजू शेट्टी के साथ-साथ 150 लोगों पर तोडफ़ोड़ और लाखों रुपये के नुकसान का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

यदि आपको
दो बजे दोपहर
अख़बार में विज्ञापन देना
हो तो संपर्क करें
9892161162

सर्राफा

चांदी (.999)	78,500
सोना स्टैंडर्ड	63,360

मौसम

	तापमान	नमी
मुंबई	32.0-27.0	48%

सूर्यास्त रविवार 05:59 बजे
सूर्योदय सोमवार 06:56 बजे

NCRB की रिपोर्ट > रिपोर्ट में दावा- एक दिन में 3 रेप हुए, हर घंटे 51 FIR हुईं

दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) ने 2022 की रिपोर्ट रविवार (3 दिसंबर) जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां 2022 में एक दिन में 3 रेप केस दर्ज किए गए। NCRB की 546 पेज की रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 FIR हुईं। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं। जब देश में 4 राज्यों के चुनाव परिणाम चर्चा में थे, उस दिन NCRB ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि देश में बच्चों, अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़े हैं।

महिला अपराधों में उत्तर प्रदेश टॉप पर

एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर (प्रति 1 लाख जनसंख्या पर घटनाओं की संख्या) 2021 में 64.5% से बढ़कर 2022 में 66% हो गई है। इसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48 हजार 755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43 हजार 414 केस) की तुलना में 12.3 % ज्यादा हैं। 2022 में महिला अपराध में 65 हजार 743 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45331 केस) और राजस्थान (45058 केस) पश्चिम बंगाल (34738 केस) और मध्य प्रदेश (32765 केस) का नंबर हैं।

देश में कुल अपराध घटे : एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दंड संहिता (IPC) और विशेष और स्थानीय कानून (SSL) के तहत रजिस्टर्ड क्राइम में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रति लाख जनसंख्या पर रजिस्टर क्राइम रेट 2021 में 445.9 से घटकर 2022 में 422.2 हो गए हैं।

खिचड़ी घोटाले में आया शिंदे गुट के नेता माशिलकर का नाम

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना (एकनाथ शिंदे) में एक पार्टी सचिव, संजय माशिलकर एक नए विवाद में आ गए हैं। कि अप्रैल-जुलाई 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों को खिचड़ी वितरित करने के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा 8।64 करोड़ रुपये का ठेका देने में कथित अनियमितताओं के लिए मुंबई पुलिस ने फोर्स वन मल्टी सर्विसेज नामक कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इंडियन एक्सप्रेस ने सूचना के अधिकार (RTI) के तहत एक इंक्वायरी डाली थी। इसी के तहत यह खुलासा हुआ है। मुंबई पुलिस ने अपनी एफआईआर में कंपनी के भागीदारों का उल्लेख नहीं किया था, द इंडियन एक्सप्रेस द्वारा बीएमसी के साथ दायर एक आरटीआई आवेदन से पता चला कि माशिलकर अपने बेटों - प्रीतम और प्रांजल - के साथ भागीदार

के रूप में फर्म के मालिक थे। कथित वित्तीय हेराफेरी से जुड़े इस केस को 'खिचड़ी घोटाला' खिचड़ी घोटाला कहा जा रहा है। माशिलकर पहले उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना से जुड़े थे, जहां 13 साल तक पार्टी की भांडुप इकाई का नेतृत्व करने के बाद उन्हें उप सचिव बना दिया गया था। वह पिछले साल जून में शिंदे सेना गुट में शामिल हो गए, जब शिंदे पार्टी से बाहर चले गए, जिससे उद्धव के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई।

महारेरा ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए अपनी वेबसाइट पर एक परामर्श पत्र जारी किया

महारेरा ने जनता से 31 दिसंबर तक नोटिस भेजने की अपील की है

इससे उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले घर पाने में मदद मिलेगी

दीपक पवार । मुंबई

जैसा कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में महारेरा द्वारा घोषणा की गई थी, रियल एस्टेट क्षेत्र में निर्माण के लिए गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्टिंग के लिए एक फ्रेमवर्क विकसित करने के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया गया है ताकि इसे खत्म करने की कोई आवश्यकता न हो। दोष दायित्व अवधि की सहायता से निर्माण में त्रुटियां छोड़ दी गई हैं इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनता से 31 दिसम्बर तक सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

महारेरा ने 13 अक्टूबर को डेवलपर्स के स्व-नियामक निकायों को लिखा था और उनसे 31 अक्टूबर तक निर्देश भेजने का अनुरोध किया था। लेकिन उनकी तरफ से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली. महारेरा ने यह परामर्श पत्र क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रधान मंत्री आवास योजना के प्रासंगिक प्रावधानों के आधार पर तैयार किया है। महारेरा ने जनता से अपील की है कि वे इस संबंध में अपने सुझाव 31 दिसंबर तक सुझाव.maharera@gmail.com पर भेजें।

दोष दायित्व अवधि के प्रावधानों के अनुसार, मकानों के हस्तांतरण की तारीख से 5 वर्ष तक शेष दोषों को डेवलपर द्वारा अपने खर्च पर 30 दिनों के भीतर ठीक करना होगा। महरेरा की स्थिति यह है कि भले ही इससे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो रही है, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाना चाहिए।

इसीलिए महारेरा ने निर्माण के लिए मानक प्रक्रियाएं और मानक तय करने की पहल की है।

अचल संपत्ति अधिनियम की धारा 14 (3) के अनुसार, परियोजना की संरचना में कारीगरी में दोष या खरीद समझौते में सहमत किसी भी मामले में दोष, हस्तांतरण के बाद 30 दिनों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 5 साल के लिए डेवलपर पर लागू होता है। दोष दायित्व अवधि. इसकी जरूरत से बचने के लिए महारेरा की ओर से यह प्रस्ताव लाया गया है. यह सुनिश्चित किया जाना है कि सांसदों के वास्तविक तबादले से पहले हुई गलतियों को सुधार लिया जाए. यह रिपोर्ट घर खरीदारों की जानकारी के लिए महारेरा और प्रोजेक्ट वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जानी है।

दोष दायित्व अवधि के कारण, स्थानांतरण के बाद 5 वर्षों तक शिकायतों के निवारण के लिए डेवलपर जिम्मेदार है। मूल रूप से, इसकी आवश्यकता से बचने के लिए, महरेरा ने अंतिम चरण में 3 तरीकों के अलावा चरण-वार तरीके से परियोजना का निरीक्षण करने के लिए एक तृतीय पक्ष गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली का प्रस्ताव दिया है। महरेरा इस प्रणाली को सभी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य बनाने जा रहा है। इससे अंततः घर खरीदने वालों को फायदा होगा। - अजोय मेहता -अध्यक्ष - महारेरा

खस्ताहाल हिंदू श्मशान भूमि का बहुरेगा दिन

3 करोड़ की निधी से किया जाएगा कायाकल्प

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के गौरीपाड़ा इलाके में स्थित मनपा की उपेक्षा का शिकार खस्ताहाल हिंदू शमशान भूमि के दिन बहुरने वाला है। नगरोत्थान योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा मंजूर किए गए 3 करोड़ की निधी से इसका कायाकल्प होने जा रहा है। जिसके कार्यों का शुभारंभ विधायक महेश चौघुले के हाथो नारियल तोड़कर किया गया। भिवंडी मनपा के प्रभाग क्रमांक 19 अंतर्गत परशुराम टावरे स्टेडियम के बगल में वर्षो पुराना हिंदू शमशान भूमि स्थित है। जो डेढ़ एकड़ में फैला हुआ है। जिसमें शहर के अंजुरफाता,कमतघर सहित आधे शहर के हिंदुओ का अंतिम संस्कार किया जाता है। लेकिन विगत कई वर्षों से उक्त शमशान भूमि खस्ताहाल में है। मनपा प्रशासन द्वारा उक्त शमशान भूमि के मरम्मत किए जाने की मांग की जा रही थी। लेकिन मनपा प्रशासन इसकी मरम्मत निधी के अभाव में करने को लेकर उदासीन बना हुआ था। आखिरकार भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शमशान भूमि की मरम्मत के लिए 15 नवंबर 2022 को म.प्र.चौ/का/जा क्र 3184 द्वारा पत्र देकर शमशान भूमि की मरम्मत के लिए 3 करोड़ की निधी मंजूर करने की मांग की थी। उनके द्वारा किए गए मांग व मेहनत रंग लाई और इसे गंभीरता से लेते हुए सीएम ने नगरोत्थान योजना अंतर्गत 3 करोड़ की निधी मंजूर की है। उक्त निधी द्वारा शमशान भूमि का कायाकल्प करने के लिए किए जाने वाले कार्यों का शुभारंभ पिछले हफ्ते नारियल तोड़कर विधायक महेश चौघुले के हाथों किया गया। इस दौरान बड़े तादात में स्थानीय लोग मौजूद थे।विधायक चौगुले ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मंजूर किए गए निधी से शमशान भूमि का संरक्षण दीवार बनाने के साथ भूमि क्षेत्र में कलर करने के अलावा एक रूम का निर्माण करने,पानी की व्यवस्था,लाइटिंग,टूटे फूटे पत्रा सेड को चेंज करने जैसे कार्यों के साथ शमशान भूमि का आधुनिकीकरण किया जायेगा।जिसका ठेका एक कंपनी को दिया गया है। जिसे द्वारा एक वर्ष के अंदर सभी कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शमशान भूमि का नूतनीकरण के बाद इसका कायाकल्प हो जायेगा और हिंदुओ को यहां अंतिम संस्कार में सुगमता होगी। विधायक के इस पहल की शहर में जमकर प्रशंसा की जा रही है।

व्यक्ति ने प्रेमिका के पति की हत्या कर शव को फेंका, हुआ गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई में प्रेमिका की पति को पीट-पीटकर मार डालने की खौफनाक घटना सामने आयी है। बताया जा रहा है कि एक 34 साल के व्यक्ति ने अपनी कथित गर्लफ्रैंड के पति की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसके शव को खदान में फेंक दिया। जांच के बाद पुलिस ने शव को कांदिवली इलाके से बरामद किया और शनिवार को आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक वह पीड़ित की पत्नी के साथ रिलेशनशिप में था।

समता नगर पुलिस स्टेशन के मुताबिक, 34 वर्षीय आरोपी रवींद्र सूर्यमणि गिरि ने 34 वर्षीय योगेश कांबले पर हमला किया, जो एक मजदूर था। एक दिसंबर को सिर पर चोट के निशान के साथ शव खदान में मिला था।

समता नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक प्रवीण राणे के मुताबिक यह स्पष्ट था कि उस व्यक्ति की मृत्यु किसी दुर्घटना से नहीं हुई थी, हालांकि हमने शुरू में एक आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन हमने पहले दिन से ही मामले की हत्या के मामले के रूप में जांच की।

कोचिंग कक्षा में नाबालिग छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई में एक कोचिंग कक्षा के परिसर में 16 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पिछले महीने अंटॉप हिल पुलिस थाना क्षेत्र के सायन कोलीवाड़ा इलाके में स्थित कोचिंग कक्षा के परिसर में छात्रा का दो बार उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

संपूर्ण स्वच्छता अभियान मुंबईकरों की भागीदारी से एक जन आंदोलन बनना चाहिए : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबईवासियों से इस अभियान में भाग लेने और इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा की हम मुंबई को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए हम आधुनिक तकनीक की मदद ले रहे हैं। इस समग्र स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए इस अभियान में जन-भागीदारी महत्वपूर्ण है। बीएमसी द्वारा आयोजित गहन सफाई अभियान के तहत मुख्यमंत्री शिंदे ने डी वार्ड में कमला नेहरू उद्यान, बाणगंगा झील, गिरगांव चौपाटी, बी.आई.टी. की सफाई की। छाल क्षेत्र में कार्यों का निरीक्षण किया। इस बार बी.आई.टी. वे छाल क्षेत्र में नागरिकों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्रजी मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, उन्होंने हाथ में झाड़ू लिया और सभी देशवासियों को अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. इसके बाद यह एक जन आंदोलन बन गया, उसी तर्ज पर मुंबई को बदलने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है।

इस अभियान पर मुंबई में सड़क सफाई, प्रदूषण नियंत्रण जैसे विभिन्न स्तरों पर काम किया जा रहा है। इस दौरान मिशन ने सफाईकर्मियों की कॉलोनी का दौरा किया। इस कॉलोनी की समस्याओं को दूर करने का काम शुरू हो गया है. उन्होंने यह भी कहा कि हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि मुंबई को साफ रखने वाले सफाई कर्मचारियों की कॉलोनियां भी स्वच्छ और सुंदर हों।

मुख्यमंत्री द्वारा बाणगंगा झील क्षेत्र का निरीक्षण

मुख्यमंत्री शिंदे ने मुंबई की ऐतिहासिक धरोहर बाणगंगा झील में सफाई अभियान का निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री ने झील क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के संबंध में निर्देश दिये।इस मौके पर मुख्यमंत्री शिंदे ने मौजूद सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

बीजेपी की मंशा मराठाओं को आरक्षण देने की नहीं: सुषमा अंधारे

सैकड़ो कार्यकर्ताओं में शिवसेना यूबीटी में किया प्रवेश

भिवंडी। जहां सत्ता है वहां पार्टी में प्रवेश का समीकरण है, लेकिन पार्टी नेता उद्धव ठाकरे के काम पर हर कोई विश्वास करता है, इसलिए शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी में शामिल होने वालों का सिलसिला बढ़ा रही है। एक नेता छत्रपति की कसम खाकर कह रहे हैं कि वह दे रहे हैं , दूसरा कहता है कि वह ओबीसी के साथ है, लोग नहीं जानते कि आप किसके साथ हैं। सुषमा अंधारे ने आरोप लगाया कि अगर बीजेपी की असली मंशा आरक्षण देने की है तो उन्हें विधानसभा में कानून बनाकर केंद्र को भेजना चाहिए और केंद्र को विशेष सत्र बुलाना चाहिए। उक्त विचार शिवसेना ठाकरे पक्ष की उपनेता सुषमा अंधारे ने भिवंडी तालुका स्थित भिनार में आयोजित पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में भिवंडी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ठाणे जिला अध्यक्ष भिवंडी और वाडा तालुका के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने महादेव घाटाल के नेतृत्व में कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उद्धव गुट शिवसेना में प्रवेश किया। इस मौके पर उप नेता ज्योति ठाकरे, भारतीय कामगार सेना के पूर्व महासचिव कृष्णकांत कोंडलेकर, भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे, भिवंडी ग्रामीण जिला प्रमुख विश्वास थले , संपर्क प्रमुख सोन्या पाटिल, महिला संपर्क प्रमुख विद्या साली, भिवंडी शहर जिला प्रमुख मनोज गगे, युवा सेना भिवंडी लोकसभा पदाधिकारी एवं अल्पेश भोईर, ठाणे शहर प्रमुख केदार दिघे, तालुका प्रमुख कुंदन पाटिल, भिवंडी महापौर प्रसाद पाटिल, जिला सचिव जय भगत, महिला सहर संघटिका वैशाली मेस्त्री सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।शिवसैनिक महिला-पुरुषों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में महादेव घाटाल को पार्टी के आदिवासी मोर्चा जिला कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी। सुषमा अंधारे ने आगे कहा कि जब एक तरफ महाराष्ट्र में सूखे और बे मौसम बरसात से किसने की फसलों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, जिससे राज्य के लाखों किसान परेशान हैं। वहीं सरकार के पास किसानों की सुध लेने का समय नहीं है। राज्य में फसल बीमा का विज्ञापन तो किया जाता है लेकिन वास्तविक किसानों को फसल बीमा का फायदा नहीं मिलता है।

कार्यक्रम की शुरुआत में महादेव घटाल ने पार्टी में शामिल होने में अपनी भूमिका बताई और विश्वास जताया कि भविष्य में भी पार्टी के प्रति वफादार रहेगें और आम आदिवासी लोगों के लिए काम करते रहेगें।कार्यक्रम में उपनेता ज्योति ठाकरे, संचार प्रमुख रूपेश म्हात्रे ने भी मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर महादेव घाटल के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन गणमान्य अतिथियों के शुभ हाथों से किया गया।

लापता छात्रा का मिला शव

वसई। वसई फाटा के वाण्याचा पाड़ा में रहने वाली 8 वर्षीय स्कूली छात्रा शनिवार से लापता थी। सोमवार को एक बंद कमरे में बच्ची का शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार,चांदनी साह (8) नाम की लड़की अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ वसई पूर्व के वाण्याचा पाड़ा में रहती थी। उसके पिता मैकेनिक का काम करते हैं। चांदनी इसी इलाके के जिला परिषद स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ती थी।शनिवार 1 दिसंबर को स्कूल से घर आने के बाद उसने कपड़े बदले और आइसक्रीम खरीदने के लिए गई और घर पर आई। इसके बाद वह शाम को घर के पास से खेलते समय लापता हो गयी। सभी जगह ढूंढने के बाद भी लड़की नही मिली तो उसके परिजनों ने देर रात पेल्हार थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। लेकिन खोजबीन के दौरान सोमवार को करीब दोपहर तीन बजे चांदनी ऊसी क्षेत्र की एक चाली में बंद कमरे में उसका शव मिली ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पेल्हार पुलिस और क्राइम ब्रांच आरोपियों की तलाश कर रही है।

मराठा आरक्षण के मुद्दे पर प्रियंका चतुर्वेदी को संसद में बोलने का मौका नहीं दिया

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (उबाठा) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि सोमवार को वह संसद में मराठा आरक्षण के मुद्दे को उठाना चाहती थी, लेकिन महाराष्ट्र के इस ज्वलंत मुद्दे पर मुझे संसद में बोलने का मौका नहीं दिया गया। सांसद चतुर्वेदी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मराठा आरक्षण मुद्दे को शून्यकाल के दौरान उठाए जाने के लिए सूचीबद्ध भी किया गया। बावजूद इसके मुझे इसे राज्य का

विषय होने का हवाला देते हुए उठाने की अनुमति नहीं दी गई। चतुर्वेदी ने कहा कि राज्य में मराठा आरक्षण के मुद्दे को लेकर जो स्थिति बनी हुई है उसके समाधान के लिए संवैधानिक संशोधन ही एकमात्र उपाय है। आरक्षण पर 50 प्रतिशत की लगी कैप हटाया जाना आवश्यक है और यह संविधान संशोधन से ही संभव है। यह महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने पर ही राज्य के मराठा और धनगर समुदाय के व्यापक और समावेशी आरक्षण मुद्दे का समाधान हो सकता है।

मोदी लहर कायम, विपक्ष को करना होगा मंथन, प्रकाश आंबेडकर की खरी-खरी

मुंबई। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम सामने आ चुके हैं। तीन (राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) में भाजपा को शानदार जीत मिली है जबकि एक जगह (तेलंगाना) कांग्रेस जीती है। इन चुनाव परिणामों को कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित झटका बताया जा रहा है। इस बारे वंचित बहुजन आघाडी (वबिआ) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि चुनाव परिणामों का विश्लेषण करना अभी संभव नहीं है, क्योंकि चुनाव आयोग ने परिणाम को पूरा ब्योरा अभी अपनी वेबसाइट पर साझा नहीं किया है। लेकिन इतना तो स्वीकार करना ही होगा कि चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है और भाजपा व पीएम मोदी की लहर अभी खत्म नहीं हुई है। वबिआ के दक्षिण मुंबई के बेलार्ड स्टेट स्थित कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबडेकर ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा इन चुनावों कांग्रेस क्यों हारी? क्या एमपी में महिलाओं का साथ भाजपा और शिवराज सरकार को मिला, क्या कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़ता तो लाभ होता? ऐसे तमाम सवालों का जवाब चुनाव आयोग द्वारा विस्तृत ब्यौरा साझा किए जाने के बाद ही मिल सकता है। हालांकि आंबेडकर ने ये स्वीकार किया कि 'इंडिया' गठबंधन में होने के बाद भी एमपी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस ने जो किया वह नहीं होना चाहिए था। तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा एक बार फिर गर्म हो गया है। इस पर आंबेडकर ने कहा कि 2004 में जब मैं चुनाव हारा था तब मैने कहा था कि मुझे मतदाताओं ने नहीं बल्कि ईवीएम ने हराया है और तभी से मैं लगातार ईवीएम के बजाय बैलट पेपर से मतदान कराने की मांग कर रहा हूं। मैं विपक्षी दलों से भी यह अपील कर रहा हूं कि वे बैलट से मतदान की मांग के समर्थन में एक बार ईवीएम से मतदान करने की हिम्मत दिखाएं। लेकिन उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि इसमें कांग्रेस समर्थन नहीं करेगी क्योंकि 2004 में जब वे हारे थे तब केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मैं चाहता हूं कि देश के तकनीकी विशेषज्ञों को इस मामले में आगे आकर ईवीएम में गड़बड़ी का खुलासा करना चाहिए। मैं अपनी याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई का इंतजार कर रहा हूं। याचिका खारिज होने पर मैं पूरा खुलासा करूंगा। मैं कोर्ट में भी इसकी जानकारी साझा कर सकता हूं। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ साल पहले कर्नाटक में एक उम्मीदवार ईवीएम से मतों की गणना के दौरान चुनाव हार गया था लेकिन बैलट की गिनती के आधार पर कोर्ट ने हारने वाले उम्मीदवार को विजयी घोषित किया था। 8 दिसंबर को वबिआ की सर्व धर्मीय शांति सभा का आयोजन किया जा रहा है। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच जारी जंग के शांत होने की कामना हेतु इस शांति सभा का आयोजन मुंबई के आजाद मैदान किया जा रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार से अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इजरायल को समझाने तथा जंग शांत कराने का प्रयास करने की भी अपील की।

विधायक सुभाष देशमुख के इस्तीफे की घोषणा पर चंद्रकांत पाटिल का यूटर्न

पुणे। सोलापुर जिले के लिए स्वीकृत मिलेट सेंटर (अनाज अनुसंधान केंद्र) को पुणे जिले के बारामती में स्थानांतरित कर दिया गया है। सोलापुर में इसका हर स्तर पर विरोध हो रहा है। इस मुद्दे पर सोलापुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सुभाष देशमुख ने मिलेट सेंटर सोलापुर में नहीं बनाया गया तो विधायक पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। जब सोलापुर जिले के संरक्षक मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सोमवार (4 दिसंबर) को सोलापुर दौरे पर थे तब मिलेट सेंटर के मुद्दे पर उन्हें सुभाष देशमुख के इस्तीफे की घोषणा की याद दिलाई। इस पर चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राजनीती में इस्तीफा एक तयशुदा शब्द है, इसका मतलब सच नहीं है। हालिया मराठा आरक्षण के मुद्दे पर कई मराठा विधायकों ने इस्तीफा देने की बात कही थी लेकिन किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है, यह बताना भी वे नहीं भूले। राज्य मराठी पत्रकार संघ द्वारा सोमवार को सोलापुर के सिटी पार्क होटल में चंद्रकांत पाटिल की अध्यक्षता में एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद पालकमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर टिप्पणी की। इस समय 2022-2023 में सोलापुर के लिए श्री खाद्य उत्कृष्टता अनाज प्रशिक्षण केंद्र को मंजूरी दी गई थी। यह घोषणा खुद देवेन्द्र फड़णवीस ने अपने बजट में की थी। हालिया जारी एक परिपत्र में घोषणा की गई है कि यह प्रशिक्षण केंद्र बारामती जाएगा। सोलापुर में सभी नेता अजित पवार का विरोध कर रहे हैं। भाजपा विधायक सुभाष देशमुख ने कहा था कि अगर सोलापुर के लिए स्वीकृत मिलेट सेंटर सोलापुर में नहीं बनाया गया तो वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। पत्रकारों ने चंद्रकांत पाटिल को इस इस्तीफे की याद दिलाई, तब इस पर पाटिल ने कहा, राजनीति में इस्तीफा एक तयशुदा शब्द है। वास्तव में कोई भी इस्तीफा नहीं देता, यह बोलने का एक तरीका है। राजनीति में इस्तीफा शब्द को सही नहीं माना जाता है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। तेलंगाना में कांग्रेस की जीत हुई है। इस पर संरक्षक मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि, जिन राज्यों में कांग्रेस चुनाव हारती है, वहां ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को दोष दिया जाता है। नाच न आये आँगन टेढ़ा, कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है। पाटिल ने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की हालत मुंह की खानेवाली होगी। तेलंगाना राज्य में बीआरएस की हालत ख़राब हो गई है। चंद्रकांत पाटिल ने यह भी कहा कि जो लोग विभिन्न प्रलोभनों में फंसकर बीआरएस में शामिल हो गए हैं, हम उन्हें वापस भाजपा में ले लेंगे।

'साल 2024 में देवेंद्र फडणवीस लेंगे CM पद का शपथ'

भाजपा नेता की भविष्यवाणी ने महाराष्ट्र में मचाई सियासी हलचल

दोपहर संवाददाता । भंडारा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के एक बयान ने महाराष्ट्र की सियासत को गरमा दिया है। भाजपा नेता ने भविष्यवाणी कर दी कि देवेंद्र फडणवीस साल 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद का शपथ लेंगे। फिलहाल देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं।

सोमवार रात लाखनी शहर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए पूछा कि विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसपर और जनता ने चिल्लाकर कहा, ₹फडणवीस, फडणवीस₹। इसके बाद बावनकुले ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले साल के लिए तीन कमिटमेंट करने के लिए कहा।

चंद्रशेखर बावनकुले का कार्यकर्ताओं से तीन कमिटमेंट : उन्होंने कहा कि साल 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए महाराष्ट्र में 45 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताना होगा। दूसरा यह कि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक भव्य समारोह में फडणवीस सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के दूसरी बार (2014-2019 के बाद) सीएम के रूप में शपथ लें। तीसरा आगामी नगर निगम/परिषद और अन्य निकाय चुनावों में किसी भी आधिकारिक भाजपा उम्मीदवार के लिए समर्पित रूप से काम करना और भारी मतों से उनकी जीत सुनिश्चित करना होगा।

महाराष्ट्र में केवल एक ही बाघ : चंद्रशेखर बावनकुले

उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से तीन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अगले 13 महीनों तक प्रतिदिन तीन घंटे का समय पार्टी के लिए निकालने के लिए कहा। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए बावनकुले ने कहा कि ₹महाराष्ट्र में केवल एक ही बाघ है, और वह फड़नवीस है।

महाराष्ट्र में होगी बीजेपी की हार, शरद पवार का दावा

2024 में बनेगी आघाडी सरकार

बीजेपी ने भले ही तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की हो। लेकिन साल 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार होगी। यह दावा एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने किया है। उन्होंने यह बात सातारा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। पवार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में परिवर्तन होकर रहेगा।

इंडिया गठबंधन पर असर नहीं

एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर नहीं होगा। उनका यह बयान तब आया है जब बीजेपी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीत लिया है, जबकि कांग्रेस सिर्फ तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही है। पवार ने कहा कि 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक होगी। वहां सभी लोग आपस में चर्चा कर जमीनी हकीकत को जानने की कोशिश करेंगे। साथ ही आगामी चुनाव को लेकर अपनी रणनीति पर भी मंथन किया जाएगा।

बीजेपी का साथ नहीं

शरद पवार ने एक बार फिर साफ़ किया है कि वे किसी भी कीमत पर बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम अजित पवार बीजेपी में शामिल होना चाहते थे, लेकिन यह हमें स्वीकार्य नहीं था। पवार ने कहा कि हमारे विधायक बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ कर जीते हैं। ऐसे में जनता के फैसले का अपमान नहीं किया जा सकता है।

मराठा समाज को न्याय मिलना चाहिए

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरक्षण को लेकर मराठा समुदाय को न्याय मिलना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में सभी ने इस पर सहमति जताई गई है। आरक्षण के लिए जातीय जनगणना होनी चाहिए। साथ ही बिना किसी समाज के आरक्षण को नुकसान पहुंचाए बिना मराठा समाज को भी आरक्षण दिया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र में नहीं चलेगा मोदी का मैजिक

संजय राउत, यूबीटी प्रवक्ता ने कहा, हमारे राज्य में सिर्फ शरद पवार, उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी का मैजिक चलेगा। महाराष्ट्र में पीएम मोदी का मैजिक नहीं चलने वाला है। यहां पर महाविकास आघाडी गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत हमारी होगी।

इंसाफ के लिए पुलिस की चौखट पर पीड़िता

दुष्कर्म के आरोपी को बचा रही है पुलिस!

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एक तरफ जहां महिलाओं को देवी का दर्जा देने और नारी सशक्तिकरण की बात कही जाती है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत वास्तव में कुछ और है। गोवंडी के शिवाजी नगर स्थित एक 41 वर्षीय महिला इंसाफ के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के कार्यालय की चौखट पर माथा टेक रही है। लेकिन उसकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है। बता दें की पीड़ित महिला ने एक 43 वर्षीय व्यक्ति संसार खान के खिलाफ शादी का झांसा देकर पिछले आठ साल से शारीरक शोषण करने का आरोप लगाया है। शिवाजी नगर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 17 नवंबर को आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन एक माह से अधिक गुजर जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारिओं से लिखित शिकायत की है। पीड़िता का दावा है कि पुलिस अपराधी को बचाने का काम कर रही है।



पीड़िता के मामले में नहीं हुई गिरफ्तारी

गौरतलब है कि पिछले एक माह में शिवाजी नगर इलाके में दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामलों में तेज़ी से इजाफा हुआ है। शिवाजी नगर पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसते हुए उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है। लेकिन पीड़िता के मामले में अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है।

इलाके में बेख़ौफ़ घूम रहा है आरोपी

पीड़िता का आरोप है की पुलिस आरोपी संसार खान को फरार बता रही है। जबकि आरोपी इलाके में बेख़ौफ़ हो कर घूम रहा है। इससे उसे डर है कि वह कभी भी पीड़िता को नुकसान पहुंचा सकता है। पीड़िता का दावा है कि पुलिस अपराधी को बचाने का काम कर रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

मुंबई में चढ़ेगा पारा और बिगड़ेगी आबोहवा!

IMD ने बताया इस हफ्ते कैसा होगा मौसम

मुंबई। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी तूफान के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी है। दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' ने दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। तमिलनाडु के कई इलाकों में तेज हवा के साथ भारी बारिश हो रही है। इस चक्रवात का असर महाराष्ट्र के मौसम पर भी पड़ रहा है। चक्रवात मिचौंग के कारण मुंबई और उसके उपनगरों में पारा चढ़ने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस हफ्ते मुंबई में गर्म मौसम रहने की उम्मीद है। इस दौरान दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं आने वाले दिनों में वायुमंडलीय तापमान में बने सिस्टम के कारण शहर और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल और धुंध छाया रहेगा। इसके परिणामस्वरूप हवा की गुणवत्ता खराब होने की भविष्यवाणी की गई है।

इस हफ्ते कैसा रहेगा मौसम का हाल?

बता दें कि मुंबई की वायु गुणवत्ता में पिछले कुछ दिनों में मामूली सुधार हुआ था। मुंबई की वायु गुणवत्ता सोमवार सुबह 'मध्यम' श्रेणी में बनी रही। हालांकि सोमवार को शहर में हल्की धुंध छाया रहा। आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क सकता है। मौसम विभाग (आईएमडी) मुंबई के निदेशक सुनील कांबले के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में मुंबई और आसपास के इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि उत्तरी महाराष्ट्र में बादल छाए रहने के आसार है। दिन के समय तापमान थोड़ा गर्म रहेगा।



कब बढ़ेगी ठंड?

उन्होंने कहा, मुंबई में दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत तक तापमान में काफी गिरावट देखी जाती है। इस दौरान शहरवासियों को मुंबई की ठंड का अहसास होगा। पिछले बुधवार को इस सीज़न में पहली बार मुंबई में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे चला गया।

आंधी-बिजली गिरने का अलर्ट!

मौसम विभाग की बुलेटिन के अनुसार, अगले दो दिनों में महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों में तापमान में दो-तीन डिग्री की वृद्धि होगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी तापमान 15 डिग्री से नीचे गिर गया है। आईएमडी ने मंगलवार और बुधवार को विदर्भ के कुछ हिस्सों में आंधी तूफान के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।

काल बना कंटेनर 4 श्रद्धालुओं की मौत

शिरडी से निकली थी पालकी

मुंबई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों (वारकरी) को कंटेनर ने कुचल दिया। हादसे में चार वारकरियों की दर्दनाक मौत हो गयी और कम से कम 8 वारकरी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि शिर्डी से पुणे जिले के आलंदी तक पालकी यात्रा निकाली गयी थी, जिसमें 150 से ज्यादा वारकरी शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा नासिक-पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग पर संगमनेर तालुका में खंदरमाल के पास रविवार शाम करीब चार बजे हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर भयावह स्थिति बन गयी। कंटेनर की चपेट में दर्जनभर से ज्यादा श्रद्धालु आए थे। जिनमें से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। शिरडी के काशीनाथ महाराज माऊली की साईंबाबा पालकी समारोह में डेढ़ सौ श्रद्धालु शामिल थे। पालकी लेकर जुलूस संगमनेर से आलंदी की ओर जा रहा था। जहां श्रद्धालु संत ज्ञानेश्वर माऊली के दर्शन करने वाले थे। रविवार शाम सवा चार बजे के करीब नासिक-पुणे हाईवे पर पीछे से तेज गति से आ रहा कंटेनर यात्रा में घुस गया। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। हाईवे पर वाहनों की

दो से तीन किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। इस बीच, चार से पांच एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए घारगाव, आलेफाटा ले जाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर सिध्दाराम सालीमठ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वाति भोर, तहसीलदार धीरज मंजारे भी मौके पर पहुंचे। शाम सात बजे संगमनेर डिपो की चार एसटी बसें भी मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने बस से 130 वारकरियों को शिरडी भेजा। राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने हादसे पर दुख जताया है। प्रशासन को मृतकों व घायलों के परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

बीएमसी अस्पताल ने फटे गर्भाशय में मृत बच्चे वाली महिला को बचाया

मुंबई। बीएमसी के एलटीएमजी सायन अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम एक गर्भवती महिला को बचाने में कामयाब रही जिसका गर्भाशय फट चुका था और उसमें बच्चा मर चुका था। अधिकारियों ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी।उत्तर-पूर्व मुंबई के गोवंडी उपनगर की रहने वाली 38.2 सप्ताह की गर्भवती 29 वर्षीय महिला को हाल ही में अस्पताल ले जाया गया था। डॉ. निरंजन चव्हाण, डॉ. पुष्पा सी, डॉ. दर्शना अजमेरा, डॉ. मोनिका धौसाक और डॉ. स्वरा पटेल के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने उनकी जांच की। अल्ट्रासाउंड परीक्षण में पता चला कि गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई है और गर्भनाल पूरी तरह से रोगी के आंतरिक अंगों में फैला हुआ है।

डॉ. चव्हाण ने कहा, "रोगी को पिछले 12 घंटों से सहनीय दर्द हो रहा था, जो योनि से रक्तस्राव से जुड़ा नहीं था और न ही कोई लक्षण दिख रहा था। पेट की शारीरिक जांच के दौरान, जो नरम और कोमल था, भ्रूण के हिस्सों को महसूस किया जा सकता था, लेकिन गर्भाशय की रूपरेखा स्पष्ट नहीं थी, और भ्रूण के दिल की धड़कन सुनाई नहीं दे रही थी। रोगी को, जिसका एक चार साल का बेटा है, दोबारा प्रसूति अल्ट्रासाउंड स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें खाली गर्भाशय गुहा और पेट की गुहा में गर्भाशय के बाईं ओर मृत भ्रूण दिखाई दिया। चव्हाण की टीम ने महिला को आपातकालीन सर्जरी के लिए भेजा और निचले हिस्से में कटे हुए घाव को टांके लगाकर सफलतापूर्वक गर्भाशय को जोड़ने में कामयाब रही, जिससे उसकी जान और गर्भाशय बच गये। साथ ही मृत भ्रूण का भी प्रसव कराया गया और मां के पेट में जमा करीब आधा लीटर खून भी निकाला गया। चव्हाण ने कहा, पांच दिनों की पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के बाद, मरीज को इस सप्ताह छुट्टी दे दी गई, और उसके बाद की जाँच में उसे ठीक पाया गया। एलटीएमजी सायन अस्पताल के डीन डॉ. मोहन जोशी ने कहा कि पहले सीज़ेरियन प्रसव वाले मरीजों में गर्भाशय फटने की घटना लगभग 0.3 प्रतिशत (3/1,000 प्रसव) होती है।

जोशी ने नागरिक अस्पताल में सामने आए असामान्य और अपनी तरह के अनूठे मामले में मरीज के सफल प्रबंधन के लिए अपनी टीम की सराहना की।

मुंबई ट्रैफिक अपडेट- पुलिस ने 2 दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया

मुंबई। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की 67वीं पुण्य तिथि यानी महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर 2023 को चैत्य भूमि, शिवाजी पार्क दादर, मुंबई में मनाया जाएगा। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के अनुयायी बड़ी संख्या में 4 दिसंबर 2023 से 7 दिसंबर 2023 तक चैत्य भूमि दादर मे आएंगे ।

शिवाजी पार्क और उसके आसपास इतने बड़े पैमाने पर इस सभा के कारण, आसपास की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी। चैत्य भूमि, शिवाजी पार्क, दादर के आसपास। अतः निम्नलिखित यातायात व्यवस्था बनाई गई है।

यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 05/12/2023 से 24.00 बजे दिनांक 07/12/2023 तक 06.00 बजे से निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

ए) सड़कों का एक तरफ से बंद होना

1. स्वातंत्र्यवीर सावरकर रोड श्री सिद्धिविनायक मंदिर जंक्शन से हिंदुजा अस्पताल तक वाहन यातायात के लिए बंद रहेगा। हालाँकि, स्थानीय निवासी यस बैंक जंक्शन से बाईं ओर मुड़कर आगे बढ़ सकते हैं और पांडुरंग नाइक रोड से होते हुए राजबाड़े चौक की ओर बढ़ सकते हैं।
2. एस.के. की उत्तरी सीमा बोले रोड श्री सिद्धिविनायक मंदिर जंक्शन से पुर्तगाली चर्च जंक्शन तक एक तरफ होगा, जिसका मतलब है कि एस.के. की दक्षिण सीमा से वाहन यातायात में कोई प्रवेश नहीं होगा। बोले रोड यानी पुर्तगाली चर्च से श्री सिद्धिविनायक मंदिर जंक्शन तक।
3. रांडे रोड सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा।
4. ज्ञानेश्वर मंदिर रोड सभी प्रकार के वाहन यातायात के लिए बंद रहेगा।
5. सम्भेकर महाराज रोड सभी प्रकार के वाहन यातायात के लिए बंद रहेगा।
6. केलुस्कर रोड दक्षिण और केलुस्कर रोड उत्तर सभी प्रकार के वाहन यातायात के लिए बंद रहेंगे।
7. एम.बी. राऊत रोड सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा।
8. टी. एच. कटारिया रोड एल. जे. रोड शोभा होटल जंक्शन से आसावरी जंक्शन तक सभी प्रकार के वाहन यातायात के लिए बंद रहेगा।
9. निम्नलिखित सड़कों पर सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगाः

ए. एस.वी. माहिम जंक्शन से हार्डिकर जंक्शन तक एस. रोड
बी.एल.जे. रोड- माहिम जंक्शन से गडकरी जंक्शन तक
सी. गोखले रोड-गडकरी जंक्शन से धानमिल नाका तक
डी. सेनापताई बापट रोड-माहिम रेलवे। स्टेशन से वडाचा नाका
ई. तिलक ब्रिज दादर टी. टी. सर्कल से वीर कोटवाल उद्यान तक सभी एन.सी.
केलकर रोड वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा।

बी) भारी यातायात भीड़ के मामले में सलाहकार निर्देशः

1. दक्षिण की ओर जाने वाला यातायात

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से आने वाला वाहन यातायात और एल.जे. रोड या सेनापति बापट रोड के माध्यम से दक्षिण मुंबई की ओर बढ़ रहा है।

वैकल्पिक मार्गः कालानगर जंक्शन से बायीं ओर मुड़ना होगा, और धारावी टी जंक्शन से सायन रेलवे स्टेशन या 60 फीट रोड धारावी से कुंभारवाड़ा से सायन अस्पताल तक जाना होगा, और डॉ. बी.ए. रोड के लिए दाहिनी ओर मुड़ना होगा, या वे बांद्रा-वर्ली का उपयोग कर सकते हैं। सी लिंक और अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ें।

2. उत्तर की ओर जाने वाला यातायात

कोलाबा और सी.एस.टी. से आने वाला उत्तर की ओर जाने वाला वाहन यातायात। बी.ए.रोड या एनी बेसेंट रोड के माध्यम से।

महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन से डॉ. ई. मोसेस रोड होते हुए उत्तर की

ओर आने वाला वाहन यातायात।

वैकल्पिक मार्गः पी डी'मेलो रोड, बैरिस्टर नाथ पाई रोड का उपयोग करेंगे। ज़केरिया बंदर रोड, आर.ए.के. माटुंगा तक का मार्ग फिर अरोरा पुल के नीचे दाहिनी ओर मुड़ेगा और डॉ. बी.ए. रोड के साथ आगे बढ़ेगा, और आगे सायन अस्पताल जंक्शन के माध्यम से आगे बढ़ेगा। या वर्ली-बांद्रा सी लिंक के माध्यम से उत्तर मुंबई की ओर आगे बढ़ेंगे।

डॉ. ई मोजेस रोड-रखांगी चौक से आगे बढ़ेंगे और दाएं मुड़कर सेनापति बापट रोड से होते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।

3. ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे

पूर्वी एक्सप्रेस हाईवे से दक्षिण की ओर आने वाले वाहन

वैकल्पिक मार्गः वडाला ब्रिज, बरकत अली नाका, बीपीटी का उपयोग करेंगे। उनकी आगे की यात्रा के लिए कॉलोनी, ईस्टर्न फ्री रास्ता।

सी) नो पार्किंग रोडः

1. स्वतंत्र वीर सावरकर मार्ग
2. ज्ञानेश्वर मंदिर रोड
3. जम्भेकर महाराज रोड
4. रानाडे रोड
5. केलुस्कर रोड दक्षिण और उत्तर
6. एम.बी. राऊत रोड
7. पांडुरंग नाइक रोड
8. एन.सी. केलकर रोड
9. डॉ. वसंतराव जे राठ रोड एसवीएस रोड से अमेगो होटल तक।
10. एस.एच. एस.एस. रोड से मिलर्नियम बिल्डिंग तक पलारकर रोड।
11. सूर्यवंशी हॉल जंक्शन से विज़न क्रेस्ट बिल्डिंग तक डी.एस. बाबरेकर रोड।
12. कीर्ति कॉलेज लेन कीर्ति कॉलेज सिग्नल से मीरामार सोसायटी तक
13. काशीनाथ धुरु रोड काशीनाथ धुरु जंक्शन से आगर बाजार सर्कल तक
14. शोभा होटल से गडकरी जंक्शन तक एल.जे. रोड
15. गंगाविहार जंक्शन से शोभा होटल और आसावरी जंक्शन तक कटारिया रोड
16. राजगृह परिसर के साथ हिंदू कॉलोनी रोड नंबर 1 से 5 तक
17. लखमशी नप्पू रोड शुभम होटल से रुइया कॉलेज से दादकर ग्राउंड तक
18. खरेघाट रोड नं. 05 से पाटकर गुरूजी चौक तक
19. लेडी जहांगीर रोड रुइया जंक्शन से पांच गार्डन से सेंट जोसेफ स्कूल तक।
20. आर.ए. अरोरा जंक्शन से लिज्जत पापड़ जंक्शन तक किदवई रोड।
21. नाथलाल पारेख रोड सेंट जोसेफ स्कूल से खालसा कॉलेज तक।
22. स्वामी ज्ञान जीवनदास रोड स्वामी नारायण मंदिर से प्रीतम होटल तक।

घ) उपलब्ध पार्किंग स्थानः

1. सेनापति बापट मार्ग, माहिम और दादर पश्चिम, मुंबई।
2. कामगार स्टेडियम (सेनापति बापट मार्ग) मुंबई।
3. इंडिया बुल इंटरनेशनल सेंटर, सेनापति बापा

सार्वजनिक सूचना

इस सूचना द्वारा आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि, श्री विनायक अंबादास मोहोड़ दुकान न, २०८, दुसरी मंझील, सायबा कॉम्प्लेक्स, पोस्ट ऑफिस के पास, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई, ४०००७० (संक्षेप में उक्त संपती) के मालिक थे । उक्त श्री विनायक अंबादास मोहोड़ का ०८/१२/२०२० को निधन हो गया था। श्री विनायक अंबाड़ास मोहोड़ के निधन के समय मेरे मुवक्किल (१) श्रीमती सुनीता विनायक मोहोड, (२) श्री विशाल विनायकराव मोहोड, और (३) श्री अंकुश विनायक मोहोड (संक्षेप में उपरोक्त कानूनी वारिस) हि केवल उनके कानूनी वारिस और प्रतिनिधी हैं और उनके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस या प्रतिनिधी नहीं हैं। इस सूचना द्वारा सभी व्यक्तियों को यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त संपती में कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों, संगठन, निगम, फर्म और/या संस्था को कोई आपत्ति, दावा, अधिकार, हक, और / या विवाद है, तो उनसे निवेदन है कि वे यह सूचना कि प्रकाशन कि तारीख से १५ दिनों के भीतर आपत्ति / दावा / विवाद का समर्थन करने वाले सभी दस्तावेजी प्रमाण के साथ नीचे हस्ताक्षर किये हुवे व्यक्ती से संपर्क करें अन्यथा ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों के दावे को छूट करार दिया जाएगा और/या छोड़ दिया गया ऐसा माना जाएगा और उसके बाद किसी भी दावे/आपत्तियाँ/विवादों पर विचार परामर्श नही किया जाएगा।

जगह : मुंबई
तारीख : ०४/१२/२०२३

सही/-
ॲड. हेमंत विष्णू व्यापारी
advhemantvyapari@gmail.com
Mobile No. 9223488678

संपादकीय

जनादेश के निहितार्थ

राज्यों के विधानसभा चुनावों के जनादेश प्रमुख तौर पर भाजपा के नाम ही रहे। पार्टी ने उत्तर भारत के दो बड़े और प्रमुख राज्यों-मध्यप्रदेश और राजस्थान-में जनादेश हासिल किया है। मप्र में तो 160 से अधिक सीट जीत कर भाजपा को 'प्रचंड बहुमत' मिला है, जबकि राजस्थान में 110 से अधिक सीटों का स्पष्ट बहुमत कमतर नहीं है। इसे भाजपा के पक्ष में सत्ता की लहर माना जा सकता है, क्योंकि ये जनादेश अनपेक्षित और अप्रत्याशित हैं। यह जनादेश प्रधानमंत्री मोदी, 'कमल' और पार्टी काडर के नाम भी रहा, क्योंकि दोनों ही राज्यों में भाजपा ने 'मुख्यमंत्री का चेहरा' पेश नहीं किया था। सामूहिक संठन ने एकजुट होकर चुनाव लड़े थे। राजस्थान में सत्ता का रिवाज नहीं बदला जा सका और कांग्रेस की 'गारंटियां' भी जनता ने खारिज कर दीं। खासकर 50 लाख रुपए की 'चिरंजीवी' स्वास्थ्य योजना पर जनता ने भरोसा नहीं किया, क्योंकि राज्य का बजट ही बेहद कम है। तो 8 करोड़ राजस्थान वासियों को मुफ्त इलाज की गारंटी कैसे संभव थी? इसकी तुलना में 'प्रधानमंत्री की गारंटी' पर सभी राज्यों की जनता ने भरोसा किया। हालांकि ये तमाम गारंटियां 'मुफ्तखोरी' की श्रेणी में ही आती हैं। बौद्धिक विशेषज्ञों की एक जमात 'मुफ्त की रेवड़ियों' को भी उचित मानती है। उसकी दलील है कि सरकार का बुनियादी दायित्व 'कल्याणकारी योजना' का है और गरीब आदमी की पहली अपेक्षा सरकार से ही होती है। राजस्थान में 'सांप्रदायिक रक्तपात' और 'सर तन से जुदा..' सरीखे मुद्दों ने भाजपा के पक्ष में धुरवीकरण को गति दी और तुष्टिकरण के खिलाफ वोट पड़े। नतीजतन मेवाड़, मारवाड़, जयपुर आदि क्षेत्रों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ का जनादेश सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रहा। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने माना है कि इतने व्यापक 'अंडर करंट' का एहसास भाजपा को भी नहीं था। बहरहाल छत्तीसगढ़ में सत्ता-परिवर्तन हो रहा है और भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। यह लिखने तक मुख्यमंत्री बघेल और उनके अधिकतर मंत्री चुनाव हार रहे थे। भाजपा को 50 से अधिक सीटें मिल रही हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 46 है। 2018 के जनादेश की तुलना में कांग्रेस 'आधी' से भी कम हो गई है। यह बेहद गंभीर पराजय है। जनता के इस मूड को कोई भी 'एग्जिट पोल' और विश्लेषण भांप नहीं पाया। देश में सबसे ज्यादा आदिवासी छत्तीसगढ़ में रहते हैं और मप्र में इनकी 21 फीसदी आबादी है। दोनों ही राज्यों में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है। मप्र और राजस्थान के जनादेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां लोकसभा की क्रमशः 29 और 25 सीटें हैं। जनादेश से स्पष्ट है कि 2024 के आम चुनाव की लहर भाजपा के पक्ष में बह रही है। मप्र में बीते 18 साल से भाजपा सत्तारूढ़ है। उसके बावजूद दो-तिहाई बहुमत हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 60,000 से अधिक वोट से आगे थे। जनादेश से दो निष्कर्ष बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक तो सत्ता-विरोधी लहर नहीं थी। दूसरे, जनता भाजपा सरकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त है। राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ में करीब 50 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। कमोबेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 1.31 करोड़ 'लाडली बहनों' ने ऐसा जनादेश देकर स्पष्ट कर दिया है कि अब जनाधार किस दिशा में काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के जरिए जो 'लाभार्थी समूह' तैयार किया है, वह भी पूरी तरह भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। बहरहाल कांग्रेस के लिए एकमात्र राजनीतिक हासिल यह रहा है कि तेलंगाना में उसकी सरकार बन रही है। वहां चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी 'बीआरएस' 10 साल की सत्ता के बाद विदाई लेंगे। जनादेश वहां के मुसलमानों के नाम भी रहा, जिनके करीब 83 फीसदी मतदाताओं ने कांग्रेस को ही वोट दिए।

भारतीय राजनीति में पहचान आधारित पैंतरे के जोखिम

राजेश रामचंद्रन

अब जबकि चुनाव परिणाम के नतीजे लगभग सामने हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से अहम सबक यह है कि हिंदी भाषी क्षेत्र में गैर-भाजपा पार्टियों में कांग्रेस अभी भी सबसे मज़बूत दल है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ऐसे सूबे हैं जहां पर कांग्रेस और भाजपा के बीच दो ध्रुवीय मुकाबला होने की रिवायत रही है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस की जीत यह सिद्ध करती है कि क्षेत्रीय दलों के ग्रहण लगने के बावजूद उसकी जड़ें कायम हैं।

कांग्रेस एक पुरानी पार्टी है, अलबत्ता चुनावी मौसम के दौरान इसमें कुछ हरी कोंपलें उग आती हैं जिनका मकसद सत्ता से खिन्न मतदाता के जरिये ताकत प्राप्त करना होता है। एक ऐसी पार्टी है जिसका एकमात्र तर्क रहा है, सत्ता। चूंकि एजेंडा तभी क्रियान्वित होता है जब सरकार हो, अतएव सामाजिक बदलाव के लिए सक्रिय अभियान चलाने वाले कार्यकर्ता की क्या जरूरत। ऐसा दल चुनाव के समय का इंतजार यह देखने के लिए करते हैं कि क्या फिज़ा में बदलाव आया है और लोगों का मिजाज़ सत्ताधारी दल के प्रति मोह से मोहभंग में परिवर्तित हुआ है या नहीं। तब केवल इतना करने की जरूरत होती है कि नाराज़ जनता के सामने खुद को सबसे काबिल विकल्प के रूप में पेश किया जाए।

लेकिन इसकी बजाय, यह मत समझें कि जनता के मिजाज़ में बदलाव विचारधारा में भी हुआ है। उक्त दल का सिद्धांत केवल सत्ता है न कि जाति। कांग्रेस विगत में विभिन्न जातीय समीकरण बनाने की कोशिश कर चुकी है, मसलन, उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम, आंध्र प्रदेश में रेड्डी-दलित-मुस्लिम, कर्नाटक में अल्पसंख्यक-पिछड़ा वर्ग-दलित आधारित 'अहिन्दा' नामक युगम, गुजरात में क्षत्रिय-हरिजन-आदिवासी-मुस्लिम का 'खाम' नामक प्रयोग, केरल में कांग्रेस ने मुस्लिम और ईसाई दलों से गठबंधन किया है तो और अन्य जगहों पर भी इसी किस्म के समुच्चय बैठाए। इस तमाम प्रयासों के बावजूद, पार्टी सिकुड़ती गई क्योंकि पहचान-आधारित यह राजनीति विपक्ष के लिए प्रतिक्रियात्मक-गोलबंदी के लिए उत्प्रेरक और वैधता प्रदान करने वाली बनी। वास्तव में यह राजनीतिक जरूरत भले हो लेकिन अनाड़ीपन यह मानना रहा कि मुस्लिम पहचान की राजनीति करने से हिंदुत्व संगठनों के एकजुट होने को बल नहीं मिलेगा, लेकिन यही हुआ और वह भी किस कदर! कांग्रेस इस बार न केवल सत्ताधारियों के प्रति मतदाताओं के मोहभंग की आसान फसल काटने को तत्पर रही है बल्कि जाति-पहचान का कार्ड भी खेलती रही है। शायद यह चाल किसी राज्य में जीत दिला भी दे, जहां उसने जाति-आधारित जनगणना करवाने का वादा किया हो। शायद आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी पिछड़ी जातियों की पहचान आधारित राजनीति करने की कोशिश इस उम्मीद में करे कि इससे हिंदुत्व के घेरे में सेंध लग सके। खैर, जिस तरह मुस्लिम कार्ड ने हिंदू-कार्ड को वैधता दी थी और हिंदू वोट बैंक बना डाला, जोकि 1990 के आखिरी सालों तक भी किसी की कल्पना में नहीं था, ठीक वैसे ही जातीय-पत्ता भी धार्मिक एजेंडे को वैधता देने में प्रभावी हो सकता है– यह दोनों ही पूर्व-आधुनिक समूह बनाने के संकेतक हैं। मसलन, आंध्र प्रदेश की राजनीति में रेड्डी समुदाय की बहुसंख्या से केवल 'काम्मा' उद्भव को वैधता मिली है, यह ठीक वही है जब उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के नेतृत्व में हुए गैर-यादव पिछड़ी जाति सशक्तीकरण ने यादवों के विजय रथ को पलट डाला था या फिर कर्नाटक में लिंगायतों का मजबूत बनना अन्य सामाजिक गठबंधनों पर भारी पड़ गया। पिछड़ी जातियों का आरक्षण कोटा 27 फीसदी से बढ़ाकर 42 प्रतिशत या 50 प्रतिशत करना या फिर सरकारी नौकरियों में पिछड़ों और दलितों का कोटा 90 फीसदी करने वाला जुमला केवल एक चुनाव में चल पाएगा, बस इतना ही। तथापि इस नारे को भी किसी भरोसे योग्य पिछड़ी जाति के नेता द्वारा उठाए जाने की जरूरत होगी। हालांकि, इस नारे का कुल प्रभाव सत्तासीनों के प्रति मतदाता के मोह या मोह-भंग की मात्रा पर निर्भर करेगा। लेकिन इस नारे की स्वीकृति में पेंच है कि यह तभी प्रभावशाली होगा जब पिछड़ी जाति के अब तक न आजमाए किंतु भरोसे काबिल नेता द्वारा उठाया जाए।

तथाकथित 'मंडल मसीहा' वीपी सिंह भी राजीव गांधी को केवल जाति-कार्ड खेलकर नहीं हरा पाए थे– लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटों वाली शक्तिशाली राजीव सरकार का पराभव बोफोर्स तोपों में रिश्वतखोरी के इल्जाम से ही हुआ था। 'राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है' का नारा शुचिता, एक राजकुल से संबंधित इंसान द्वारा व्यवस्था को साफ-सुथरा बनाने की छवि की खातिर था। यह विशुद्ध रूप से तत्कालीन सरकार से मतदाता की नाराजगी को भुनाने की राजनीति थी। सत्ता में बने रहने के खातिर जाति-आधारित राजनीति वाले मंडल-पैंतरे ने सिर्फ संघ परिवार के धार्मिक एजेंडा को वैधता प्रदान की थी। जाति-भावना का तोड़ केवल धार्मिक-भावना है। लिहाजा भाजपा के सांसदों की संख्या 1989 में 85 से बढ़कर 1991 में 120 हो गई। इसी बीच, पिछड़ी जातियों में बहुसंख्यक वर्ग के अब तक गैर-आजमाए और बेदाग नेता जैसे कि लालू यादव और मुलायम सिंह का उद्भव अपने कहे पर अमल करने वाले और नव-राजनीतिक चलन के प्रतीक के तौर पर हुआ।

लेकिन क्या जाति-आधारित जनगणना की बात करने से वक्त को पीछे ले जाया जा सकता है, वह भी उस वंशवादी राजनेता द्वारा जिसका परिवार विगत में उच्च-जाति के नेतृत्व को बढ़ावा देने का प्रतीक रहा है? क्या कांग्रेस के युवराज का प्रधानमंत्री बनने का प्रयास पिछड़ी जातियों के उद्भव को फलीभूत कर पाएगा? यह होना मुश्किल है क्योंकि पहचान आधारित एजेंडे में टकराव की राजनीति अंतर्निहित है, जिसके लिए एक दुश्मन होना जरूरी है– एक अपसंद 'विजातीय'। उच्च जाति 1990 के दशक के वह 'विजातीये' थे जिन्होंने गंगा के मैदान में स्वतंत्रता के बाद से राज किया। उच्च जाति को विजातीय मानने की भावना उस वक्त जाकर घटी जब पिछड़ी जाति, खासकर मुलायम सिंह और लालू के कुनबे, 1989-90 से गांगीय-प्रदेश में सुशासन देने में नाकाम रहे। साथ ही, चुनावी रूप से, संघ परिवार मध्ययुग में कथित उत्पीड़न के प्रतीक वर्ग को भारतीय राजनीति में बतौर 'विजातीय' पेश करने में सफल रहा और यहां किसी भी प्रकार की शैक्षणिक या सैद्धांतिक युक्ति यह बताने में असमर्थ है कि एक किस्म की नफरत दूसरे से बेहतर कैसे है। वैसे भी भारतीय गांवों में विशेषाधिकार सापेक्ष है। पुराने वक्त का दमनकारी अचानक सौम्य दिखाई पड़ता है। अधिकांश भारतीय चुनावी क्षेत्रों में, बहुसंख्या रखने वाली जाति की अपेक्षा अन्य सभी जातियों की कुल गिनती सदा कहीं अधिक रहेगी। इसलिए बिना विचारे अधिक गिनती रखने वाले पिछड़े वर्ग की राजनीति उलटी भी पड़ सकती है क्योंकि तब फिर बाकी सब नए 'वर्चस्ववादी' को हराने को एकजुट हो जाएंगे। आखिरकार, पिछड़ी जाति जैसा कुछ नहीं है, यह सदा से अमुक जाति बनाम अन्य वाला मामला रहा है।

इसी बीच, भाजपा ने आहिस्ता ने एक अन्य 'विजातीय' पेश कर दिया– भ्रष्ट राजनेता। छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनावी प्रचार में क्रमशः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत के कथित भ्रष्टाचार को तुरुप का पत्ता बनाया गया। यदि सत्तासीन दल के प्रति लोगों का झुकाव बरकरार हो, तो ऐन चुनाव के वक्त पर प्रवर्तन निदेशालय के छापे और विपक्षी प्रचार प्रभावहीन रहता है। और इसी में भारतीय लोकतंत्र की मजबूती निहित है। फिर, हवा में रस्सी खड़ा करके उस पर चढ़ने वाले भारतीय जादुई करतब में प्रभाव सदा किसी जादूगर या फ़कीर का रहा है न कि रस्सी या जमूरे का। फिर इस पहचान की कलाकारी के लिए एक माहिर बाजीगर की जरूरत है जिसके बिना साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय की कुर्सी तक रस्सी का छोर नहीं पहुंच सकता।

सहज योग

आत्मसाक्षात्कार की ऊंच अवस्था

मैं जानता हूं कि इसने वास्तव में सभी कंपनों को उत्तेजित कर दिया है और आप वह सब महसूस कर रहे हैं। आप देखते हैं कि हम महाराष्ट्रवासी बहुत भाग्यशाली लोग हैं, कि हमारे पास ऐसे संत थे जो आत्मसाक्षात्कारी थे। वे चैतन्य के बारे में जानते थे। वे कंपन के बारे में जानते थे।

गोपियां कह रही है कि कृपया मुझे इस माया के सागर से पार ले चलो, यह [पांडुरंगा] श्री कृष्ण से अनुरोध कर रही है - पांडुरंगा को महाराष्ट्र में श्री कृष्ण कहा जाता है। इसके बारे में एक बड़ी कहानी भी है लेकिन मैं आपको बाद में बताऊंगी। तो वह कहता है कि वह अनुरोध कर रहा है कि कृपया मुझे उस पार ले चलो और मैं यही चाहता था.. लेकिन जिस तरह से उसने इसे इतनी निष्ठा, ईमानदारी और ईमानदारी से गाया। मैं जानता हूं कि इसने वास्तव में सभी कंपनों को उत्तेजित कर दिया है और आप वह सब महसूस कर रहे हैं। आप देखते हैं कि हम महाराष्ट्रवासी बहुत भाग्यशाली लोग हैं, कि हमारे पास ऐसे संत थे जो आत्मसाक्षात्कारी थे। वे चैतन्य के बारे में जानते थे। वे कंपन के बारे में जानते थे। वे उच्च जीवन के बारे में जानते थे और हर समय उन्होंने जो कुछ भी गाया है वह यह आशा है कि हर किसी को आत्मसाक्षात्कार मिलेगा, या उन्होंने आत्मसाक्षात्कार की उस स्थिति का वर्णन किया है। मेरा मतलब है कि मुझे कहना होगा कि महाराष्ट्रवासी सबसे भाग्यशाली लोग हैं। मुझे नहीं पता कि वे इसे समझते हैं या नहीं, लेकिन वे सबसे धन्य लोग हैं क्योंकि ऐसे कई संत हैं जो आत्मसाक्षात्कारी थे। वे हैं जो आत्मसाक्षात्कारी हैं और उन सभी ने जीवन की इस उच्च अवस्था का गीत और स्थान गाया है। और इसे आप अभी देख सकते हैं। ये गाना भी यही कहता है कि मुझे इससे आगे जाने दो। लेकिन पश्चिम के इन सभी सहज योगियों को बधाई देते हुए मुझे एक बात अवश्य कहनी चाहिए कि उन्होंने इन चीजों के बारे में कभी नहीं सुना था, कभी नहीं। उन्हें इन चीज़ों के बारे में कभी पता नहीं चला। उन्हें कभी नहीं पता था कि इतनी खूबसूरत कोई और दुनिया भी है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने इसे स्वीकार किया है, जिस तरह से वे इसमें शामिल हुए हैं और जिस तरह से वे इस दिव्य संगीत का आनंद ले रहे हैं वह बहुत उल्लेखनीय है। उन्होंने कभी भी किसी भारतीय संगीत का अध्ययन नहीं किया है। उन्होंने पहले कभी कोई भारतीय संगीत नहीं सुना है, लेकिन जिस तरह से वे आनंद लेते हैं, वह चैतन्य के कारण है, ठीक है - क्योंकि भारतीय संगीत ओम से आता रहा है और इसीलिए क्योंकि आप आत्मा हैं आप ऐसा कर सकते हैं इसका आनंद लें। आप देखिए, केवल एक आत्मा ही आत्मा के इस गीत की सराहना कर सकती है।और इसीलिए बिना भाषा समझे; बिना मतलब समझे; संगीत और उसकी जटिलताओं को समझे बिना, बस उसका आनंद ले रहे हैं।हमें यही करना है आनंद लेना है। आख़िर क्यों पाना है - सिर्फ आनंद लेने के लिए कुछ भी क्यों पाना है और इस चीज़ के लिए हमें धन्यवाद देना है। उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है। उन्हें खुद ही अपना बोध हो गया है और वह उस चमत्कार के साथ गाते हैं और जब वह गाते हैं तो आप देखते हैं कि हमें तुरंत कंपन मिलता है। वह एकमात्र गायक है जिसे मैंने अब तक देखा है और जो इतना अच्छा है, और जो आपको चैतन्य के साथ एकजुट रखने में सक्षम है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | महर्षि अरबिंदो घोष

कवि, विचारक, योगी और स्वतंत्रता सेनानी

महर्षि अरबिंदो घोष इंग्लैंड में शिक्षित पहले भारतीयों में से एक थे। वह एक कवि, विचारक, स्वतंत्रता सेनानी, योगी और आध्यात्मिक नेता थे। वह हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने अविश्वसनीय योगदान के लिए जाने जाते हैं। वह आध्यात्मिकता की एक बिल्कुल नई प्रणाली लेकर आए। उन्होंने आध्यात्मिकता के अपने मार्ग को 'अभिन्न योग' कहा। उन्होंने भारतीय संस्कृति, देश के सामाजिक-राजनीतिक विकास, आध्यात्मिकता आदि पर केंद्रित कई किताबें लिखी थीं।

अरबिंदो घोष का जन्म 15 अगस्त, 1872 को कलकत्ता में हुआ था। 1879 में, सात साल की उम्र में, उन्हें अपने दो बड़े भाइयों के साथ शिक्षा के लिए इंग्लैंड ले जाया गया और चौदह साल तक वहां रहे। सबसे पहले मैनचेस्टर में एक अंग्रेजी परिवार में पले-बढ़े, उन्होंने 1884 में लंदन के सेंट पॉल स्कूल में प्रवेश लिया और 1890 में वहां से वरिष्ठ शास्त्रीय छात्रवृत्ति के साथ किंग्स कॉलेज, कैम्ब्रिज चले गए, जहां उन्होंने दो साल तक अध्ययन किया।

1893 में भारत लौटकर, उन्होंने अगले तेरह वर्षों तक बड़ौदा रियासत में महाराजा की सेवा में और बड़ौदा कॉलेज में प्रोफेसर के रूप में काम किया। इस अवधि के दौरान वह एक क्रांतिकारी समाज में भी शामिल हो गए और भारत में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह की गुप्त तैयारियों में अग्रणी भूमिका निभाई। 1906 में, बंगाल के विभाजन के तुरंत बाद, अरबिंदो ने बड़ौदा में अपना पद छोड़ दिया और कलकत्ता चले गए, जहां वे जल्द ही राष्ट्रवादी आंदोलन के नेताओं में से एक बन गए। वह भारत के पहले राजनीतिक नेता थे जिन्होंने अपने समाचार पत्र बंदे मातरम में देश की पूर्ण स्वतंत्रता के विचार को खुले तौर पर सामने रखा। दो बार राजद्रोह के लिए और एक बार साजिश के लिए मुकदमा चलाया गया, हर बार सबूतों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया गया। अरबिंदो घोष ने 1905 में बड़ौदा में योग का अभ्यास शुरू किया था। 1908 में उन्हें कई मौलिक आध्यात्मिक अनुभूतियों में से पहली अनुभूति हुई। 1910 में वह राजनीति से हट गए और खुद को पूरी तरह से अपने आंतरिक आध्यात्मिक जीवन और काम के लिए समर्पित करने के लिए पांडिचेरी चले गए। पांडिचेरी में अपने चालीस वर्षों के दौरान उन्होंने आध्यात्मिक अभ्यास की एक नई पद्धति विकसित की, जिसे उन्होंने इंटीग्रल योग कहा।

इसका उद्देश्य एक आध्यात्मिक अनुभूति है जो न केवल मनुष्य की चेतना को मुक्त करती है बल्कि उसके स्वभाव को भी बदल देती है। 1926 में, अपनी आध्यात्मिक सहयोगी, माँ की मदद से, उन्होंने अरबिंदो आश्रम की स्थापना की। उनके कई लेखों में द लाइफ डिवाइन, द सिंथेसिस ऑफ योगा और सावित्री शामिल हैं। 5 दिसंबर 1950 को अरबिंदो ने अपना शरीर त्याग दिया।

जीवन ऊर्जा | अरबिंदो घोषः मृत्यु 5 दिसंबर 1950 | अवसान

लक्ष्यहीन जीवन हमेशा एक परेशान जीवन होता है

श्री अरबिंदो, जिनका पूर्ण नाम अरबिंदो घोष था; एक भारतीय दार्शनिक, योगी, महर्षि, कवि और राष्ट्रवादी थे। उनका जन्म 15 अगस्त 1872 में हुआ था। वे एक पत्रकार भी थे। वे वंदे मातरम जैसे समाचार पत्रों का संपादन करते थे। वे ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारतीय आंदोलन में शामिल हो गए। 1910 तक इसके प्रभावशाली नेताओं में से एक थे और फिर आध्यात्मिक सुधारक बन गए। उन्होंने मानव प्रगति और आध्यात्मिक विकास पर अपने दृष्टिकोण का परिचय दिया। उनकी मृत्यु 5 दिसंबर 1950 में हुई।

जीवन जीवन है-चाहे एक बिल्ली का हो, या कुत्ते या आदमी का, एक बिल्ली या एक आदमी के बीच कोई अंतर नहीं है। अंतर का यह विचार मनुष्य के स्वयं के लाभ के लिए एक मानवीय अवधारणा है। कोई भी देश या जाति अब विश्व से अलग नहीं रह सकती। जैसे सारा संसार बदल रहा है, उसी प्रकार, भारत को भी बदलना चाहिए। यदि कोई धर्म सार्वभौमिक नहीं है, तो वह शाश्वत नहीं हो सकता है। एक संकीर्ण धर्म, एक सांप्रदायिक धर्म, एक विशेष धर्म केवल सीमित समय और सीमित उद्देश्य के लिए रह सकता है। यदि तुम किसी का चरित्र जानना चाहते हो, तो उसके महान कार्य न देखो, उसके जीवन के साधारण कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण करो। लक्ष्यहीन जीवन

हमेशा एक परेशान जीवन होता है। प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य होना चाहिए। लेकिन यह मत भूलो कि आपके उद्देश्य की गुणवत्ता आपके जीवन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। आपका उद्देश्य उच्च और व्यापक, उदार और उदासीन होना चाहिए; यह आपके जीवन को अपने और दूसरों के लिए अनमोल बना देगा। जो भी आपके आदर्श हैं, यह पूरी तरह से महसूस नहीं किया जा सकता है जब तक कि आप अपने आप में पूर्णता का एहसास नहीं करते हैं। जो ईश्वर से प्रेम करता है उसे अपने प्रेम की वस्तु हर जगह दिखाई देती हैं। पढ़ो, लिखो, कर्म करो, आगे बढ़ो, कष्ट सहन करो, एकमात्र मातृभूमि के लिए, मां की सेवा के लिए। स्वयं की असाधारण जटिलता के साथ सामना कराता है। आध्यात्मिकता वास्तव में भारतीय मन की प्रमुख कुंजी है; अनंत की भावना यहां जन्मजात है। जिसमें त्याग की मात्रा, जितने अंश में हो, वह व्यक्ति उतने ही अंश में हो, वह व्यक्ति उतने ही अंश में पशुत्व से ऊपर है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

महाराज दशरथ के जन्म की अद्भुत कथा

भगवान श्री राम के पिता महाराज दशरथ का भी पौराणिक धर्म ग्रंथो में काफी जिक्र सुनने को मिलता है। इस कथा में हम आपको राजा दशरथ के जन्म से जुड़ी कहानी सुनाने जा रहे हैं, जिसे सुनने के बाद आप भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे।

महाराज दशरथ का जन्म एक बहुत ही अद्भुत घटना है। पौराणिक धर्म ग्रंथों के आधार पर बताया जाता है कि एक बार राजा अज दोपहर की वंदना कर रहे थे। उस समय लंकापति रावण उनसे युद्ध करने के लिए आया और दूर से उनकी वंदना करना देख रहा था। राजा अज ने भगवान शिव की वंदना की और जल आगे अर्पित करने की जगह पीछे फेंक दिया। यह देखकर रावण को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह युद्ध करने से पहले राजा अज के सामने पहुंचा तथा पूछने लगा कि हमेशा वंदना करने के पश्चात जल का अभिषेक आगे किया जाता है, न कि पीछे, इसके पीछे क्या कारण है। राजा अज ने कहा जब मैं आंखें बंद करके ध्यान मुद्रा में भगवान शिव की अर्चना कर रहा था, तभी मुझे यहां से एक योजन दूर जंगल में एक गाय घास चरती हुई दिखी और मैंने देखा कि एक सिंह उस पर आक्रमण करने वाला है तभी मैंने गाय की रक्षा के लिए जल का अभिषेक पीछे की तरफ किया। रावण को यह बात सुनकर बड़ा ही आश्चर्य हुआ। रावण ऐक योजन दूर वहां गया और उसने देखा कि एक गाय हरी घास चर रही है जबकि शेर के पेट में कई वाण लगे हैं। अब रावण को विश्वास



हो गया कि जिस महापुरुष के जल से ही बाण बन जाते हैं और बिना किसी लक्ष्य साधन के लक्ष्य बेधन हो जाता है ऐसे वीर पुरुष को जीतना बड़ा ही असंभव है और वह उनसे बिना युद्ध किए ही लंका लौट जाता है।

एक बार राजा अज जंगल में भ्रमण करने के लिए गए थे तो उन्हें एक बहुत ही सुंदर सरोवर दिखाई दिया। उस सरोवर में एक कमल का फूल था जो अति सुंदर प्रतीत हो रहा था। उस कमल को प्राप्त करने के लिए राजा अज सरोवर में चले गए किंतु यह क्या राजा अज जितना भी उस कमल के पास जाते वह कमल उनसे उतना ही दूर हो जाता और राजा अज उस कमल को नहीं पकड़ पाया। अंततः आकाशवाणी हुई कि हे राजन आप निःसंतान हैं आप इस कमल के योग्य नहीं है इस भविष्यवाणी ने राजा अज के हृदय में एक भयंकर घात किया था।

राजा अज अपने महल में लौट आए और चिंता ग्रस्त रहने लगे क्योंकि उन्हें संतान नहीं थी जबकि वह भगवान शिव के परम भक्त थे। भगवान शिव ने उनकी इस चिंता को ध्यान में लिया। उन्होंने धर्मराज को बुलाया और कहा तुम किसी ब्राह्मण को अयोध्या नगरी पहुंचाओ जिससे राजा अज को संतान की प्राप्ति के आसार हो।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

जैसा भाव वैसी ही सफलता

महान रसायनशास्त्री आचार्य नागार्जुन को एक ऐसे नवयुवक की तलाश थी जो उनकी प्रयोगशाला में उनके साथ मिलकर रसायन तैयार कर सके। उन्होंने विज्ञप्ति निकाली। दो नवयुवक उनसे मिलने आये। प्रथम नवयुवक को रसायन बनाकर लाने को कहा, फिर दूसरा युवक आया उसे भी यही आदेश दिया।

प्रथम नवयुवक दो दिन बाद रसायन लेकर आ गया। नागार्जुन ने पुछा- 'तुम्हें इस काम में कोई कष्ट तो नहीं हुआ?' युवक ने कहा- 'मान्यवर बहुत कष्ट उठाना पड़ा। पिता को उदर कष्ट था, माँ ज्वर से पीड़ित थीं। छोटा भाई पैर पीड़ा से परेशान था कि गाँव में आग लग गई, पर मैंने किसी पर भी कोई ध्यान नहीं दिया। एकनिष्ठ रसायन बनाने में तल्लीन रहा।' नागार्जुन ने ध्यान से सुना। कुछ भी नहीं कहा। युवक सोच रहा था मेरा चुनाव तो निश्चित ही है, क्योंकि अभी तक दूसरा युवक लौटा ही नहीं था।

इसी बीच दूसरा युवक उदास लौटा। नागार्जुन ने पूछा - 'क्यों क्या बात है? रसायन कहाँ गया?' दूसरे नवयुवक ने कहा - मुझे दो दिन का समय चाहिए। मैं रसायन बना ही न सका, क्योंकि जैसे ही बनाने जा रहा था कि एक बूढ़ा रोगी दिखायी पड़ा, जो बीमारी से कराह रहा था। मैं उसको अपने घर ले गया और सेवा करने लगा। अब वह ठीक हो गया, तो मुझे ध्यान आया कि मैंने रसायन तो बनाया ही नहीं। इसीलिए क्षमा याचना के लिए चला आया। कृप्या दो दिन का समय दीजिए। नागार्जुन मुस्कराये और कहा- 'कल से तुम काम पर आ जाना'। पहला युवक सोच ही नहीं पा रहा था कि उसे क्यों नहीं चुना गया। नागार्जुन ने पहले युवक से कहा-'तुम जाओ तुम्हारे लिए मेरे पास स्थान नहीं है, क्योंकि तुम काम तो कर सकते हो, लेकिन यह नहीं जान सकते कि काम के पीछे उद्देश्य क्या है?' वस्तुतः रसायन का काम रोग निवारण है, जिसमें रोगी के प्रति संवेदना नहीं उसका रसायन कारगर नहीं हो सकता। पहला युवक निराश लौट गया।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

द ग्रेट वुमन

जन्म तिथि 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

सोनिया गांधी

जन्म- 9 दिसंबर 1946, लुसियाना, कॉनको, इटली

सोनिया गांधी एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष हैं, जो केंद्र की वामपंथी राजनीतिक पार्टी है, जिसने स्वतंत्रता के बाद के अधिकांश इतिहास में भारत पर शासन किया। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री, अपने पति राजीव गांधी की हत्या के सात साल बाद, उन्होंने 1998 में पार्टी नेता के रूप में पदभार संभाला और उन्नीस वर्षों तक पद पर रहीं। पार्टी के बहुत अनुरोध के बाद वह 1997 में राजनीति में शामिल होने के लिए सहमत हुईं। उनके नेतृत्व में, कांग्रेस ने 2004 के चुनावों के बाद अन्य केंद्र-वामपंथी राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन में सरकार बनाई। उन्होंने दिसंबर 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ दिया, लेकिन अगस्त 2019 में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए लौट आईं। सोनिया गांधी को व्यापक रूप से देश के सबसे शक्तिशाली राजनेताओं में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। उन्हें दुनिया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं में सूचीबद्ध किया जाता है।

होमाई व्यारवाला

जन्म- 9 दिसंबर 1913, नवसारी, गुजरात
मृत्यू- 15 जनवरी 2012 वडोदरा, गुजरात, भारत

होमाई व्यारवाला भारत की पहली महिला फोटो जर्नलिस्ट थीं। उन्होंने 1938 में बॉम्बे क्रॉनिकल के लिए काम करते हुए शहर के दैनिक जीवन की तस्वीरें खींचकर अपना करियर शुरू किया। व्यारावाला ने 1940 से 1970 तक ब्रिटिश सूचना सेवाओं के लिए काम किया जब वह सेवानिवृत्त हुईं। 2011 में, उन्हें भारत गणराज्य के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जब वह द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया में शामिल हुईं तो वह मुख्यधारा के प्रकाशन में शामिल होने वाली भारत की पहली महिलाओं में से एक थीं। अपने क्षेत्र में अग्रणी, व्यारावाला का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। Google डूडल ने 2017 में अतिथि डूडलर समीर कुलवूर द्वारा तैयार भारतीय जीवन और इतिहास की टेपेस्ट्री के साथ भारत की ₹फर्स्ट लेडी ऑफ द लेंस₹ को सम्मानित किया।

मंजुला चेल्लूर

जन्म- 05 दिसम्बर 1955, कर्नाटक

मंजुला चेल्लूर बॉम्बे हाई कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। वह कलकत्ता उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश थीं, केरल उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश थीं और कर्नाटक उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश थीं। 1988 में उन्हें जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया। उन्होंने कोलार और मैसूर के लिए प्रधान और सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। इन पदों के अलावा वह लघु वाद न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश और बैंगलोर में परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश भी थीं। 21 फरवरी 2000 को उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नामित किया गया। उन्होंने 4 दिसंबर 2017 को सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर अपना पद छोड़ दिया।

रुक्मिणी लक्ष्मीपति

जन्म- 6 दिसंबर 1892, मद्रास
मृत्यू- 6 अगस्त 1951

रुक्मिणी लक्ष्मीपति एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित राजनीतिज्ञ थीं। वह मद्रास विधानमंडल के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला थीं और मद्रास प्रेसीडेंसी में मंत्री के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला थीं। 1923 में वह कांग्रेस में शामिल हो गईं। 1926 में, उन्होंने भारतीय प्रतिनिधि के रूप में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महिला मताधिकार गठबंधन कांग्रेस में भाग लिया। वेदारण्यम में नमक सत्याग्रह में उनकी भागीदारी (1930 में) के लिए उन्हें एक साल के लिए जेल में डाल दिया गया, और वह नमक सत्याग्रह आंदोलन में पहली महिला कैदी बनीं।

गीता गोपीनाथ

जन्म- 08 दिसम्बर 1971, मैसूर, कर्नाटक

गीता गोपीनाथ एक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं, जिन्होंने 21 जनवरी 2022 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पहले उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है। इसके पहले उन्होंने 2019 और 2022 के बीच आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया था। आईएमएफ में शामिल होने से पहले, गोपीनाथ का एक अकादमिक के रूप में दो दशक लंबा करियर था, जिसमें हार्वर्ड विश्वविद्यालय का अर्थशास्त्र विभाग भी शामिल था। यहां वह अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन और अर्थशास्त्र की जॉन ज़वानस्ट्रा प्रोफेसर (2005-2022) थीं और पहले एक सहायक प्रोफेसर थीं। शिकागो विश्वविद्यालय बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस (2001-05)। वह राष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो में अंतर्राष्ट्रीय वित्त और मैक्रोइकॉनॉमिक्स कार्यक्रम की सह-निदेशक भी हैं और पहले केरल के मुख्यमंत्री के मानद आर्थिक सलाहकार के रूप में काम कर चुकी हैं। गोपीनाथ को अक्टूबर 2018 में आईएमएफ के प्रबंध निदेशक क्रिस्टीन लेगार्ड द्वारा मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में नियुक्त किया गया।

अमी घिया शाह

जन्म-8 दिसंबर 1956, सूरत, गुजरात

अमी घिया शाह गुजरात की पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। वह सात बार राष्ट्रीय एकल चैंपियन, बारह बार युगल विजेता और चार बार मिश्रित युगल विजेता हैं। उन्हें 1976 में अर्जुन पुरस्कार मिला। उन्होंने इतिहास रचा क्योंकि वे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला थीं। ऐसा करके, उन्होंने निश्चित रूप से इस धारणा को तोड़ दिया कि केवल पुरुष ही बड़े आयोजनों में पदक जीत सकते हैं। 1978 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 5 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीते। हालांकि, घिया और ठक्कर द्वारा जीता गया कांस्य पदक सबसे खास था, क्योंकि उन्होंने भविष्य की महिला एथलीटों के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने और पदक के साथ घर वापस आने की नींव रखी।

अवनीत कौर सिद्धू

जन्म- 30 अक्टूबर 1981, पंजाब, भारत

अवनीत कौर सिद्धू एक भारतीय निशानेबाज हैं। उन्होंने 2006 राष्ट्रमंडल खेलों में तेजस्विनी सावंत के साथ महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने बीजिंग में 2008 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में प्रतिस्पर्धा की। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीते हैं। वह 2008 के बीजिंग ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पंजाब की पहली महिला निशानेबाज हैं और राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली पंजाब की पहली महिला निशानेबाज हैं। उन्हें 29 अगस्त 2008 को राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विंटर फैशन गेम के साथ लुक को बनाएं दिलचस्प

नीलम रामअवध

ठंड का मौसम आ गया है और हमेशा की तरह महिलाएं अपने फैशन स्टेटमेंट को लेकर चिंतित है। यदि आप सही अवसरों पर सही कपड़े पहनती हैं तो सर्दियों का मौसम आपके आनंद को दो गुना बढ़ा देगा। चुनिंदा ड्रेसेस महिलाओं के विंटर लुक को फैशनेबल बनाने में मदद करेंगे। इस लेख में आपको विंटर आउटफिट की ऐसी लिस्ट बताने जा रहे हैं, जो विंटर में आपको स्टाइलिश लुक देगा। इसलिए आपने वार्डरोब में जगह बना लें क्योंकि नीचे दिए ड्रेस जल्द ही आपके आपके वार्डरोब में एंट्री करेंगे।

ब्लैंकेट स्कार्फ : ब्लैंकेट स्कार्फ हर रंग और अद्भुत प्लेड पैटर्न में आते हैं। यह फैशनेबल स्कार्फ आपको गर्म रखेगा। किसी भी मौसम में आप इसे घर में या शहर में एक दिन के लिए पहन सकते हैं। इस स्कार्फ को पहनने के बहुत सारे तरीके हैं। तो क्रिसमस आने वाला है और अपनी लिस्ट में ब्लैंकेट स्कार्फ को डालना न भूलें।

टाइट कपड़े पहनें : टाइट-फिटिंग कपड़े हवा की ठंड को रोकने में मदद करेंगे। वाइड-लेग जींस को स्किनी जींस से बदलें, जो बड़े आकार के बुने हुए स्वेटर और मोटे जूतों को दृष्टिगत रूप से संतुलित करने में भी मदद करता है। अपने पैरों को गर्म रखने के लिए स्कर्ट और ड्रेस के नीचे ऊन-लाइन वाली लेगिंग पहनें।

क्रॉप पफर्स : क्रॉप्ड पफर्स ट्रेंडी हो सकते हैं, लेकिन अगर आप अपने आपको गर्म रखना चाहती हैं, तो आपको अपने पूरे सिर को ढककर रखना होगा। सुनिश्चित करें कि आपके पास सबसे ठंडे दिनों के लिए कम से कम एक लंबा स्वेटर और कोट जरूर हो।

सूट : ऑफिस जाना है तो फॉर्मल विंटर में सूट सबसे बेस्ट है। सूट महिलाओं के फॉर्मल विंटर लुक के लिए जरूरी है। आप अपने परफेक्ट विंटर सूट के लिए कोई भी न्यूट्रल या पेस्टल शेड चुन सकती हैं। लेकिन इसके साथ शर्ट का चुनाव बहुत ही सोच-समझ कर करें। अगर यह पेस्टल शेड का सूट है तो डार्क कलर की अंडरशर्ट पहनें। महिलाओं के लिए विंटर लुक के लिए टर्टलनेक वाले सूट पर्फेक्ट हैं।

स्वेटर : विंटर वियर लिस्ट में स्वेटर ड्रेस को जरूर शामिल करें। विंटर फैशन गेम को बेहतर बनाने के लिए एक स्टाइलिश स्वेटर ड्रेस का चुनें। ये ड्रेसेस फैशन की दुनिया में काफी ट्रेंड कर रही हैं। इसका इस्तेमाल कई तरह के इवेंट में किया जा सकता है। सर्दियों के शानदार लुक के लिए अपनी स्वेटर ड्रेस के साथ मैचिंग एक्सेसरीज का इस्तेमाल करें, जैसे- लॉन्ग, स्ट्रक्चर ब्लेजर और बेल्ट का इस्तेमाल करें। इसे टॉल बूट के साथ स्टाइल करें।

सर्दियों में गुलाबी निखार पाने के लिए लगाएं टमाटर के ये फेस पैक

सर्दियों में हमें न सिर्फ अपनी सेहत बल्कि त्वचा का भी खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा को ड्राई बनाती हैं और स्किन के ग्लो को कम करती है। जिसके चलते सर्दियों में स्किन का कलर थोड़ी डार्क हो जाती है। हांलाकि सर्दियों में स्किन की देखभाल करने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह महंगे प्रोडक्ट होने के बाद भी कई बार हमें मनमुताबिक रिजल्ट नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में अपनी स्किन को ग्लोइंग और हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से सर्दियों में टमाटर का फेस पैक आपकी स्किन के लिए फायदेमंद साबित होगा। टमाटर में लाइकोपिन और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होता है, जो आपकी त्वचा को पोषण देने के साथ ही रंगत साफ करता है। वहीं यह फेस पैक ड्राई स्किन की समस्या को दूर करने से साथ सर्कुलेशन को बढ़ाता है।

टमाटर-हल्दी फेस पैक सामग्री

कद्दूकस किया हुआ टमाटर- 2 चम्मच,
हल्दी- 1/4 चम्मच

टमाटर और हल्दी का फेसपैक बनाने के लिए 1 मीडियम साइज का टमाटर लें। टमाटर को कद्दूकस कर इसमें थोड़ी सी हल्दी मिला लें। अब इन दोनों को अच्छे से मिक्स कर

फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर इस फेसपैक को 20 मिनट तक लगाए रहें और समय पूरा होने के बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। यह फेसपैक रंगत निखारने के साथ ही पिंपल्स की समस्या हो भी कम करने में मददगार है। साथ ही इससे आपकी स्किन भी हाइड्रेट रहती है।

टमाटर- शहद के फेसपैक की सामग्री

टमाटर का रस- 3 चम्मच, शहद- 1 चम्मच

इस फेसपैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक टमाटर का रस निकाल लें। फिर टमाटर के रस में शहद को मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए फेस पर अप्लाई करें। टाइम पूरा होने के बाद फेस को पानी से धो लें। इस फेसपैक से आपकी त्वचा को पोषण मिलता है और स्किन चमकदार बनती है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी।

वृष सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

मिथुन धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा।

कर्क कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें।

सिंह लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

कन्या व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

तुला शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

वृश्चिक प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

धनु कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

मकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

कुंभ शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

मीन व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

वैदिक ज्योतिष श्रृंखला सप्तम ग्रहों का विशलेषण

प्रियंका जैन
9769994439

राहु (छाया ग्रह) : ज्योतिष के अनुसार असुर स्वरभानु का कटा हुआ सिर है, जो ग्रहण के समय सूर्य और चंद्रमा का ग्रहण करता है। समुद्र मंथन के समय स्वरभान् नामक एक असूर ने धोखे से दिव्य अमृत की कुछ बूंदें पी ली थीं। सूर्य और चंद्र ने उसे पहचान लिया और मोहिनी अवतार में भगवान विष्णु को बता दिया। इससे पहले कि अमृत उसके गले से नीचे उतरता, विष्णु जी ने उसका गला सूदर्शन चक्र से काट कर अलग कर दिया। परंतु तब तक उसका सिर अमर हो चुका था। यही सिर राहु और धड़ केतु ग्रह बना और सूर्य- चंद्रमा से इसी कारण द्वेष रखता है। इसी द्वेष के चलते वह सूर्य और चंद्र को ग्रहण करने का प्रयास करता है। ग्रहण करने के पश्चात सूर्य राहु से और चंद्र केतु से उसके कटे गले से निकल आते हैं और मुक्त हो जाते हैं। राहु को ब्रह्मांड का सबसे खराब ग्रह माना जाता है तथा राहु शनि ग्रह की परछाई होता है जोकि शनि ग्रह इसे 4 अंश आगे चलती है। इसलिए कुंडली में अशुभ राहु बहुत खराब परिणाम देता है। राहु अंधेरे का कारक माना जाता है इसीलिए राहु के दान एवं उपाय सूर्यास्त के बाद ही करें तभी उपाय लाभप्रद होंगे। राहु एक पापी तथा क्रूर ग्रह है। राहु ग्रह को लंबी चलने वाली बीमारियों का कारक माना जाता है। राहु ग्रह को समाज में सारी गलत क्रियाओं का कारक माना जाता है, जैसे अवैध गतिविधियां, ठगी, बुरे काम, ड्रग अडिक्शन, जुआरी, शराबी तथा लॉटरी, शेयर बाजार में नुकसान का कारक ग्रह माना जाता है। लग्न कुंडली में राहु ग्रह की स्थित जानने के बाद ही पता चलता है की आपके लिए राहु शुभ है या अशुभ। राहु का दान सिर्फ तभी किया जायेगा जब लग्न कुंडली में राहु मारक (शत्रु) ग्रह बनेंगे। भूल कर भी योग कारक राहु का दान एवं उपाय न करें।

9. केतु ग्रह (छाया ग्रह) : केतु एक छाया ग्रह है जोकि मंगल ग्रह की परछाई माना जाता है। केतु का मानव जीवन एवं पूरी सृष्टि पर अत्यधिक प्रभाव रहता है। कुछ मनुष्यों के लिए ये ग्रह ख्याति पाने का अत्यंत सहायक रहता है। केतु भावना भौतिकीकरण के शोधन के आध्यात्मिक प्रक्रिया का प्रतीक है और हानिकर और लाभदायक, दोनों ही ओर माना जाता है, क्योंकि ये जहां एक ओर दुःख एवं हानि देता है, वहीं दूसरी ओर एक व्यक्ति को ग्रहता तक बना सकता है। यह व्यक्ति को आध्यात्मिकता की ओर मोड़ने के लिए भौतिक हानि तक करा सकता है। यह ग्रह तर्क, बुद्धि, ज्ञान, वैराग्य, कल्पना, अंतर्दुष्टि, मर्मज्ञता, विक्षोभ और अन्य मानसिक गुणों का कारक केतु एक नकारात्मक ग्रह माना जाता है। केतु को मोक्ष प्राप्ति का भी कारक माना जाता है। केतु की दुष्टि यदि चतुर्थ भाव पर पड़े तोह विदेश में बसने का भी कारक ग्रह माना जाता है। केतु बीमारियों का कारक माना जाता है जैसे रीढ़ की हड्डी, हड्डियों के बीच तरलता, कैंसर, बबासीर, फोड़े फूंसी, दांत संबंधी रोग का कारक माना जाता है।

सीएम योगी ने की NHAI के प्रॉजेक्ट्स की समीक्षा

एजेंसी । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से कहा है कि वे यूपी में चल रही सड़क निर्माण की सभी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें। फोरलेन सड़कों को विस्तार देते हुए सिक्स लेन में तब्दील करें।

उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से राजमार्गों पर हर एक किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। रविवार को गोरखपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह की मौजूदगी में सीएम योगी ने यूपी में चल रही एनएचआई की परियोजनाओं की समीक्षा की। सीएम ने 2025 के कुंभ मेला को देखते हुए प्रयागराज से जुड़ी एनएचएआई की परियोजनाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए सभी कार्य नवंबर 2024 तक पूरा करने की ताकीद की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी विश्व स्तरीय हुई है। इसे और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में प्रयागराज में कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन होना है। लाखों की संख्या में यहां लोग पहुंचेंगे, सुलभ और सहज आवागमन के लिए रोड कनेक्टिविटी को और शानदार करना है। अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों में एनएचएआई की परियोजनाओं की बाबत मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी 2024 में श्रीराम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। इसके बाद देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए अयोध्या की परियोजनाओं को और तीव्र करने की जरूरत है। बैठक में गोरखपुर-वाराणसी, सोनौली-गोरखपुर और गोरखपुर नॉर्थ-ईस्ट बाईपास की भी समीक्षा की गई। सीएम योगी ने लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मथुरा, आगरा, बरेली, मेरठ के साथ ही गोरखपुर सिलीगुड़ी और गोरखपुर शामली राजमार्ग के लिए चल रही एनएचएआई की परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा कर तेजी से काम करने की हिदायत दी गई। बैठक में एनएचएआई की तरफ से बताई गई कुछ परेशानियों को मुख्यमंत्री ने तत्परता से दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने प्रदेश में चल रही परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

बारिश होने से यूपी में बढ़ी ठंड

लखनऊ समेत इन जिलों में हो सकती है बरसात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। राजधनी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। लखनऊ में रविवार रात से रुक-रुक बारिश हो रही है। सोमवार को लगभग पूरा दिन पानी गिरा है। बारिश होने से ठंड बढ़ गई है। सोमवार को पूरा दिन धूप नहीं निकली है। जालौन, हमीरपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बरेली और अयोध्या समेत कई जगहों पर सोमवार को बारिश हुई है। सोमवार को सुबह 8:30 बजे शाम 5:30 बजे तक लखनऊ में सबसे ज्यादा 14.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कानपुर शहर में 8.4 मिमी, कानपुर देहात में 7.6 मिमी, बहराइच में 3.0 मिमी, औराई में 12.0 मिमी, झांसी में 2 मिमी, शाहजहांपुर में 1 मिमी और आगरा ताज में 1.6 मिमी तक बारिश हुई है। मौसम विभाग की मानें तो लखनऊ, गोरखपुर, बस्ती, नोएडा और मुरादाबाद समेत कई जिलों में सोमवार रात और मंगलवार को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से पश्चिमी यूपी के साथ साथ पूर्वी यूपी में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के कुछ क्षेत्रों में बारिश और गरज के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई। पूर्वी यूपी में अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की बात कही है।

राजस्थान

बीजेपी प्रत्याशी के समर्थक ने की सुसाइड की कोशिश

कोटा। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजे रविवार 3 दिसंबर को आ चुके हैं। राज्य में बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिला है। नतीजों के बाद कहीं खुशी तो कहीं मायूसी छाई हुई है। इस बीच कोटा उत्तर में बीजेपी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के एक समर्थक ने सुसाइड की कोशिश की। कार्यकर्ता ने गुंजल की हार के बाद निराश होकर हारपिक पी लिया। गनीमत रही कि समय रहते उसे अस्पताल पहुंचा दिया गया। बताया जा रहा है कि कोटा जिले की कोटा उत्तर सीट से बीजेपी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की हार हुई। उनकी हार से नयापुरा मुक्तिधाम रोड निवासी कार्यकर्ता सुरजीत सिंह सदमे में आ गया। इसके बाद कार्यकर्ता ने हारपिक पी लिया। कार्यकर्ता को उसके परिजनों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उसका इलाज जारी है। कार्यकर्ता सुरजीत सरदार ने के परिजनों ने बताया कि पिछले कई सालों से सुरजीत सरदार प्रहलाद गुंजल का समर्थक रहा है। इस चुनाव में भी वह कई दिनों से प्रचार अभियान में जुटा हुआ था, लेकिन कल जैसे ही परिणाम आए और प्रहलाद गुंजल हार गए तो शराब के नशे में सुरजीत सरदार ने बाथरूम में रखा हारपिक पीकर अपनी जान देने की कोशिश की। फिलहाल सुरजीत सरदार की तबीयत में सुधार बताया जा रहा है। वहीं अस्पताल में भर्ती सुरजीत सरदार ने कहा कि 'चुनाव में प्रहलाद गुंजल की जीत का पूरा भरोसा था। फाइनल परिणाम आने से पहले एक बार प्रहलाद गुंजल की जीत होने की खबर भी आ गई थी। हमने जश्न भी मनाना शुरू कर दिया था, लेकिन जब नतीजे आए तो प्रहलाद गुंजल चुनाव हार गए। तब से ही मन में बहुत निराशा थी।

जीतते ही एक्शन में आए महंत

जयपुर। हवामहल से चुनाव जीतने वाले बालमुकुंद आचार्य को 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि वह फुल एक्शन मूड में आ गए हैं। चुनाव जीतने के दूसरे दिन ही हाथोज धाम हनुमान मंदिर के महंत बालमुकुंद आचार्य ने सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों को सड़क किनारे लगने वाले नॉन वेज के ठेलों को हटाने के निर्देश दे दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाई। जयपुर वॉल सिटी में खुले में मीट बेचने पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने निगम अधिकारियों से साफ कहा कि वो तुंरत प्रभाव से नॉन वेज बनाने वाले ठेलों को हटाए, उनके इस बयान का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चुनाव जीतने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र पहुंचे महंत बालमुकुंद आचार्य यहां नॉनवेज का ठेला देख आग बबूला हो गए।

मायावती ने 4 राज्यों के चुनाव परिणाम पर उठाए सवाल, बताया विचित्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के चुनाव परिणामों पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने इस प्रकार के एकतरफा मुकाबले की संभावना नहीं जताई थी। इस कारण मायावती इन चुनाव परिणाम को विचित्र बता रही हैं। वे कह रही हैं कि इस प्रकार का चुनाव परिणाम अचंभित करता है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्थिति अलग थी। लेकिन, परिणाम अलग आया। यह एक रहस्यात्मक मामला दिखता है। मायावती ने चुनाव परिणाम के बाद चर्चा के नए विषय बनने की भी बात कही। दरअसल, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पार्टी की कमान संभाली थी। मायावती ने यहां पर पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर होने की उम्मीद जताई थी, लेकिन दोनों ही राज्यों से पार्टी को निराशा झेलनी पड़ी। वहीं, आकाश आनंद की लॉन्चिंग भी फीकी हो गई। मायावती ने चार राज्यों के आए विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर क्रमवार ट्वीट करते हुए चुनाव परिणामों को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि देश के चार राज्यों में अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के आए परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का शंकित, अचंभित और चिंतित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। मायावती ने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग और कांटे के संघर्ष जैसा दिलचस्प था।

CCTV फुटेज में दिखे अपहरण के आरोपी

आजमगढ़ से कारोबारी को अगवाकर वसूली का मामला

लखनऊ। बिजनौर के कारोबारी को आजमगढ़ से अगवा करने के बाद निरालानगर स्थित गेस्ट हाऊस के फर्स्ट फ्लोर पर बने कमरे में रखा गया था। हसनगंज पुलिस ने गेस्ट हाऊस के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिए हैं। सूत्रों के अनुसार फुटेज में आरोपित पुलिसकर्मी दिखे हैं।

फिलहाल पुलिस पूरा सच जानने के लिए बाकी आरोपितों की तलाश कर रही है। बिजनौर के कपड़ा कारोबारी इश्तियाक को बुधवार को आजमगढ़ में फेरी पर कपड़े बेचते समय बोलेरो सवारों ने अगवा किया था। इसके बाद निरालानगर स्थित चरन गेस्ट हाऊस में बंधक बनाकर और 1.20 लाख रुपये फिरौती मांगी गई। किसी तरह चंगुल से छूटे पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर हसनगंज पुलिस कोतवाली में तैनात एसआई अनुराग द्विवेदी और हेड कॉन्स्टेबल युसुफ अली को जेल भेजने के साथ ही एसएचओ इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, निरालानगर के चौराहा नंबर-8 के पास स्थित चरन गेस्ट हाऊस की छानबीन में पता चला है कि पहली मंजिल के एक कमरे में इश्तियाक को रखा गया था। गेस्ट हाऊस के कर्मचारी ने बताया कि किसी ने कोई कमरा बुक नहीं करवाया था। एक होटल मालिक के व्यवहार में कुछ लोग थोड़ी देर रुकने की बात कहकर आए थे। साथ ही बताया कि किसी को जबरन लाने जैसे हालात नहीं दिखे थे। सभी लोग सामान्य तरीके से कमरे में गए थे। पुलिस की एक टीम ने वारदात के बाद गेस्ट हाऊस में पहुंचकर छानबीन के साथ ही सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले हैं। सूत्रों का कहना है कि फुटेज में आरोपित एसआई व हेड कॉन्स्टेबल भी दिखे हैं।

बमबाजी और फायरिंग से दहला पटना

विश्वविद्यालय, कैंपस में भारी पुलिस बल तैनात

एजेंसी । पटना

बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खूबर सामने आई है। पटना यूनिवर्सिटी में बमबाजी हुई है। बमबाजी से विश्वविद्यालय कैंपस में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि छात्र गुटों के बीच हुई झड़प देखते ही देखते बवाल में बदल गई। इस दौरान बमबाजी की गई। इससे पूरे परिसर में दहशत फैल गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटी कैंपस से पुलिस ने एक जिंदा बम बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, बमबाजी में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गई है। हंगामें की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस के साथ-साथ कई थानों की पुलिस फोर्स यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंच गई और स्थिति पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना इकबाल और मिंटो बीच हुई थी। वहीं छात्रों का कहना है कि बमबाजी के साथ-साथ फायरिंग भी की गई है। विवाद हॉस्टल के दो छात्र गुटों के बीच हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को मौके एक जिंदा बम और खोखे मिले हैं। उपद्रवियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। गनीमत रही बमबाजी और गोलीबारी के दौरान कोई शख्स घायल नहीं हुआ है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि विवाद की वजह क्या थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच हर एंगल से कर रही है।

यूपी सरकार ने जारी किया अवकाश कैलेंडर

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की सरकार ने साल 2024 में पड़ने वाली सार्वजनिक छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के मुताबिक, सालभर में कुल 56 सार्वजनिक छुट्टियां रहेंगी। इसको लेकर चार दिसंबर को आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि अगर कोई पर्व त्योहार, राष्ट्रीय पर्व या महापुरुषों की जन्मतिथि एक ही दिन पड़ जाती है तो ऐसी स्थिति में एक ही दिन छुट्टी होगी। वहीं, होली, ईद उल फितर, मोहर्रम, जन्माष्टमी, दीपावली, क्रिसमस डे, बकरीद, छठ पूजा, चौ. चरण सिंह के जन्मदिन पर अवकाश घोषित किया गया है। सार्वजनिक अवकाश को लेकर जारी कैलेंडर के मुताबिक 25 जनवरी को मोहम्मद हजरत अली के जन्मदिन पर छुट्टी रहेगी। 26 को गणतंत्र दिवस, 8 मार्च को महाशिवरात्रि, 24 मार्च को होलिका दहन, 25 मार्च को होली, 29 मार्च को गुड फ्राइडे और 11 अप्रैल को ईद उल फितर को लेकर अवकाश रहेगा। इसी तरह 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस के अवसर पर छुट्टी घोषित हुई है। 17 अप्रैल को राम नवमी, 21 अप्रैल को महावीर जयंती, 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 17 जून को बकरीद, 17 जुलाई को मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी रहेगी। इस साल 19 अगस्त को राक्षबन्धन मनाया जाएगा। सरकार ने छुट्टी घोषित की है। 26 अगस्त को जन्माष्टमी, 16 सितंबर को ईद-ए-मिलाद (बारावफात), 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भैया दूज/चित्रगुप्त जयंती का अवकाश रहेगा। 15 नवंबर को गुरुनानक जयंती/ कार्तिक पूर्णिमा और 25 दिसंबर को क्रिसमस डे के अवसर पर छुट्टी रहेगी। वहीं, साल 2024 में निर्बन्धित अवकाश (स्थानीय छुट्टी) की बात करें तो एक जनवरी को नववर्ष दिवस, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज का उर्स, 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, 14 फरवरी को बसंत पंचमी की छुट्टी रहेगी। 24 फरवरी को संत रविदास जयंती, 26 फरवरी को शबे बरात, 26 मार्च को होली, 30 मार्च को ईस्टर सैटरडे, 1 मार्च को ईस्टर मंडे का अवकाश रहेगा। 5 अप्रैल को जमात-उल-विदा (अलविदा)/रमजान का अंतिम शुक्रवार/महर्षि कश्यप एवं महाराज निषाद राज गुहय जयंती के अवसर पर छुट्टी होगी। इसके अलावा 9 अप्रैल को चेटी चंद, 12 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 17 अप्रैल को चंद्रशेखर जयंती, 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती, 10 मई को परशुराम जयंती, 18 जून को बकरीद, 18 जुलाई को मोहर्रम और 25 अगस्त को चेहल्लुम की छुट्टी रहेगी। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा/अन्नत चतुर्दशी, 3 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती, 11 अक्टूबर को दशहरा (महाष्टमी), 17 अक्टूबर को महर्षि बाल्मीकि जयंती, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी का अवकाश घोषित किया गया है। जबकि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल और आचार्य नरेंद्र देव की जयंती मनाई जाएगी, छुट्टी होगी।

व्यापार जगत

सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 64000 के पार

चांदी में आई बड़ी गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

सोने की कीमतों (में उछाल रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सोने के घरेलू भाव नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोमवार शाम 5 फरवरी 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.21 फीसदी या 133 रुपये की उछाल के साथ 63,490 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। यह आज कारोबार के दौरान 64,063 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई लेवल तक गया था। वहीं, चांदी की घरेलू कीमतों में आज गिरावट देखने को मिली है।

चांदी की कीमतों में गिरावट

सोने से इतर चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 मार्च 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 0.51 फीसदी या 401 रुपये की गिरावट के साथ 77,686 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी।

सोने की वैश्विक कीमतें

सोमवार सुबह सोने की वैश्विक कीमतों में गिरावट देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.10 फीसदी या 2.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2087.60 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.12 फीसदी या 2.51 डॉलर की गिरावट के साथ 2069.71 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

चांदी का वैश्विक भाव

सोने के साथ ही चांदी के वैश्विक भाव में भी सोमवार सुबह गिरावट देखने को मिली। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 1.17 फीसदी या 0.30 डॉलर की गिरावट के साथ 25.56 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 1.19 फीसदी या 0.30 डॉलर की गिरावट के साथ 25.18 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

निवेश के लिए पैसे रखें तैयार!

दिसंबर में खुलेंगे इन कंपनियों के IPO, फटाफट नोट कर लें तारीख

एजेंसी । नई दिल्ली

शेयर बाजार में इस साल आईपीओ की भरमार रही है। कई कंपनियां अपने आईपीओ लेकर बाजार में आई हैं। बीते महीनों में कई आईपीओ लॉन्च हो चुके हैं। इनमें से बहुत से आईपीओ (IPO) ऐसे रहे हैं, जिनमें निवेशकों को बंपर मुनाफा हुआ है। वहीं कुछ आईपीओ ऐसे भी थे, जिनमें निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। अब इस साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर की शुरुआत हो चुकी है। कई कंपनियां ऐसी हैं, जिनके आईपीओ इस महीने लॉन्च होने वाले हैं। अगर आप अभी तक आईपीओ में निवेश नहीं कर पाए हैं तो निराश न हों। आपके पास अभी भी कमाई का मौका है। इस महीने खुलने वाले आईपीओ में आप निवेश करके अच्छी कमाई कर सकते हैं। यहां हम दिसंबर के महीने में खुलने वाले आईपीओ की पूरी लिस्ट देने जा रहे हैं, जिससे आपको किसी तरह की कोई समस्या न हो। हालांकि शेयर बाजार में किसी भी आईपीओ या स्टॉक में आप बिना जानकारी के निवेश न करें। निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। आइए आपको बताते हैं दिसंबर महीने में कौन-कौन सी कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। शेयर बाजार में एक्सेंट माइक्रोसेल का आईपीओ 8 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने जा रहा है। एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू एक दिन पहले यानी 7 दिसंबर को खुलेगा। निवेशक इस आईपीओ में 12 दिसंबर तक निवेश कर सकते हैं। कंपनी इस आईपीओ के जरिए बाजार से 78.4 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके लिए 133-140 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। बता दें कि इस आईपीओ की लिस्टिंग एनएसई एसएमई पर होगी। आईपीओ के लिए एक हजार शेयरों का लॉट साइज तय किया गया है। निवेशक कम से कम एक हजार शेयरों और इसके मल्टीपल में बोली लगा सकेंगे। अगर प्राइस बैंड के हिसाब से देखें तो निवेशकों को कम से कम 1,40,000 रुपये का निवेश करना होगा। आईपीओ के शेयरों का अलॉटमेंट 13 दिसंबर तक हो सकता है। शेयरों की लिस्टिंग की संभावित तारीख 15 दिसंबर 2023 है। स्टेशनरी और आर्ट प्रोडक्शन की मैन्युफैक्चिरिंग करने वाली कंपनी डोम्स इंडस्ट्री अपना आईपीओ लेकर आ रही है। डोम्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ 13 दिसंबर को खुलेगा। निवेशक इस आईपीओ में 15 दिसंबर तक निवेश कर सकेंगे। वहीं एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ एक दिन पहले यानी 12 दिसंबर को खुल जाएगा। जानकारी के मुताबिक, यह आईपीओ 1200 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 350 करोड़ रुपये का फ्रैश इश्य और 850 करोड़ का ओएफएस शामिल हैं। आईपीओ में क्यूआईबी के लिए 75 प्रतिशत, एचएनआई के लिए 15 प्रतिशत और बाकी अन्य के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रखा गया है। बता दें कि डोम्स इंडस्ट्रीज देश की दूसरी सबसे बड़ी स्टेशनरी और आर्ट प्रोडक्ट्स कंपनी है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का मार्केट शेयर 12 प्रतिशत का रहा है।

गौतम अडानी के शेयरों में रेकॉर्ड तेजी

निवेशकों की हुई छप्परफाड़ कमाई, एक हफ्ते में हुआ इतना मुनाफा

एजेंसी । नई दिल्ली

शेयर बाजार में तेजी के बीच गौतम अडानी के अडानी ग्रुप की कंपनियों में बंपर उछाल आया है। अडानी ग्रुप की सभी 10 कंपनियों के शेयरों में सुबह से तेजी देखने को मिल रही है। अडानी ग्रुप के शेयरों में निवेश करने वाले मालामाल हो गए हैं। अडानी की सभी कंपनियों के शेयर आज हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में तेजी के चलते निवेशकों की दौलत एक हफ्ते में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गई है। निवेशकों को उम्मीद है कि अडानी के शेयरों में आने वाले समय में और उछाल देखने को मिल सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी सुप्रीम कोर्ट में एक मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद से देखी जा रही है। पिछले सप्ताह भी अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी रही थी। अडानी ग्रुप की सभी 10 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा तेजी अडानी ग्रीन एनर्जी में देखी जा रही है। यह शेयर 8 फीसदी से ज्यादा के उछाल के साथ 1115 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

IPL 2024

नीलामी में इन खिलाड़ियों पर लग सकती है बड़ी बोली

एजेंसी । मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 2024 संस्करण के लिए 19 दिसंबर को दुबई में नीलामी होगी। नीलीमी के लिए कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सितारों ने बोली कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है और उन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है।

इसके अलावा आगामी नीलामी में कुछ ऐसे अनकैप्ड खिलाड़ी भी नजर आ रहे हैं जिन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। आइए इस खबर के बारे में और अधिक जानते हैं।

कार्तिक त्यागी

युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। कई फ्रेंचाइजी उन्हें खरीदने में रुचि दिखा सकती हैं। त्यागी का सबसे मजबूत पक्ष उनकी रफ्तार है और वह वह डेथ ओवरों में भी अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। उन्होंने अब तक IPL में राजस्थान रॉयल्स (RR) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2021 में पंजाब किंग्स (PBKS) के खिलाफ अंतिम ओवर में 4 रन खर्च कर टीम को जीत दिलाई थी।

शाहरुख खान

निचले क्रम के विस्फोटक बल्लेबाजों की जरूरत वाली टीमें शाहरुख खान के पीछे जा सक हैं। तमिलनाडु का यह धाकड़ खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में एक फिनिशर के रूप में काफी सफल रहा है। हालांकि, उन्होंने IPL में भी अपनी प्रतिभा की झलक तो दिखाई है, लेकिन वह अपनी पूरी लय में नजर नहीं आए हैं। विशेष रूप से, अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि शाहरुख को लगभग 12 से 13 करोड़ रुपये मिल सकते हैं।

नारायण जगदीशन

नारायण जगदीशन तमिलनाडु की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी 2022 में लगातार 5 शतक लगाकर मशहूर हुए थे। हालांकि, उन्होंने अब तक IPL में मिले मौकों का फायदा नहीं उठाया है, लेकिन इसके बावजूद टीमें उनमें निवेश करना चाहेंगी। विशेष रूप से, जगदीसन एक विकेटकीपर के रूप में भी काम कर सकते हैं और विभिन्न क्रमों पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।

अतीत शेठ

टी-20 क्रिकेट में एक ऑलराउंडर की भूमिका विशेष रूप से काफी अहम हो जाती है। बड़ौदा के अतीत शेठ ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से खूब धूम मचाई है। वह सभी प्रारूपों में प्रभावशाली आंकड़ों के साथ एक उपयोगी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक एक भी IPL मैच नहीं खेला है।

स्वास्तिक चिकारा

युवा बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा ने इस साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश टी-20 लीग के उद्घाटन संस्करण में शानदार प्रदर्शन किया। वह 7 मैचों में ही 456 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे।

बाबर आजम का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में प्रदर्शन

एजेंसी । नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 दिसंबर से 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना आखिरी टेस्ट 1995 में जीता था और इस बार शान मसूद की कप्तानी में टीम अपने रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। पाकिस्तान अपने पूर्व कप्तान बाबर आजम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आइए बाबर के कंगारू टीम के खिलाफ टेस्ट में किए प्रदर्शन के बारे में जानते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 टेस्ट खेल चुके हैं बाबर

बाबर ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ कुल 10 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 19 पारियों में उन्होंने 44.38 की औसत के साथ 799 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 2 शतक और 4 अर्धशतक भी लगाए हैं। इस प्रारूप में कंगारू टीम के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर 196 रन है, जो उन्होंने कराची में मार्च 2022 में बनाया था। वह इस टीम के खिलाफ 2 पारियों में 90 से अधिक रन (99 और 97) बनाकर भी आउट हुए हैं। बाबर पाकिस्तान टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं और उन पर बल्लेबाजी क्रम काफी हद तक निर्भर करता है। इस अनुभवी बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अब तक सिर्फ 5 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 27.80 की औसत के साथ सिर्फ 278 रन बनाए हैं। इस बीच वह सिर्फ 1 शतक और 1 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर 1 पारी में बिना खाता खोले भी आउट हुए हैं। बाबर ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में अब तक 49 मैचों में 47.74 की औसत से 3,772 रन बनाए हैं। इस बीच उनके बल्ले से 9 शतक और 26 अर्धशतक निकले हैं। इस प्रारूप में वह कोई दोहरा शतक नहीं लगा सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 196 रन है। वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के शुरुआती 2 चक्रों में पाकिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बाबर अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कम से कम 228 रन बनाने में कामयाब होते हैं, तो अपने टेस्ट करियर में 4,000 रन पूरे कर लेंगे। उन्हें टेस्ट सीरीज में अधिकतम 6 पारी मिल सकती हैं। वह पाकिस्तान की ओर से ये आंकड़ा छूने वाले 12वें बल्लेबाज बन जाएंगे। इस बीच उनके पास रनों के मामले में इमरान खान (3,807), हनीफ अहमद (3,915) और माजिद खान (3,931) को पीछे छोड़ने का मौका होगा।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

रवि बिश्नोई 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने सीरीज के आखिरी टी-20 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 6 रन से हरा दिया। बेंगलुरु में खेले गए मैच में जीत के लिए मिले 161 रन के लक्ष्य को कंगारू टीम हासिल नहीं कर सकी। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारत ने 4-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। लेग ब्रेक गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कमाल का प्रदर्शन किया, जिसके चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। आइए उनके प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं। बिश्नोई ने इस सीरीज में अपने 5 मैचों में 18.22 की औसत के साथ सर्वाधिक 9 विकेट लिए। उनके बाद दूसरे सर्वाधिक विकेट उनके साथी गेंदबाज अक्षर पटेल (6) और ऑस्ट्रेलिया के जेस बेहरेनडोर्फ (6) ने लिए। इस सीरीज में बिश्नोई की इकॉनमी रेट 8.20 रही। उनका सबसे बेहतर प्रदर्शन तिरुवनंतपुरम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में आया, जहां उन्होंने 32 रन देते हुए 3 विकेट लिए थे। बिश्नोई एक टी-20 सीरीज (द्विपक्षीय) में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की बराबरी की, जिन्होंने 2016 में श्रीलंका के खिलाफ 9 ही विकेट चटकाए थे। सीरीज के पहले मैच में बिश्नोई ने 4 ओवर में 13.50 की इकॉनमी रेट से 54 रन खर्च किए थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में तीसरे सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उनसे आगे इस सूची में प्रसिद्ध कृष्णा और क्रुणाल पांड्या हैं। कृष्णा ने इसी सीरीज के तीसरे मैच में 4 ओवर में 17 की इकॉनमी से 68 रन दिए, जबकि क्रुणाल ने 2018 में ब्रिसबेन में कंगारू टीम के खिलाफ 55 रन दिए थे। बिश्नोई ने अब तक खेले 21 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17.38 की औसत और 7.14 की इकॉनमी रेट से 34 विकेट लिए। इस प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 16 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है।उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ ईडन गार्डन में खेले गए मैच के जरिए अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। वह 1 वनडे मैच में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

शाई होप ने इंग्लैंड के खिलाफ लगाया शतक

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच रविवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में कै कैरिबियाई टीम के कप्तान शाई होप ने 109 रन की शानदार पारी खेली। उनके उस शतक की मदद से टीम को 4 विकेट से जीत मिली। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे करियर में होप का यह पहला शतक है। उनके वनडे करियर की बात करें तो यह उनका 16वां शतक है। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। वेस्टइंडीज 326 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने आए होप ने 83 गेंदों का सामना किया और 109 रन की पारी खेली। उनके बल्ले से 4 चौके और 7 शानदार छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 131.33 की रही।होप ने शिमरोन हेटमायर के साथ 52 गेंद में 56 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड के साथ होप ने सिर्फ 51 गेंद में 89 रन जोड़ दिए।

वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड

सैम करन एक वनडे मैच में सर्वाधिक रन लुटाने वाले इंग्लिश गेंदबाज बने

एजेंसी । नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे में 4 विकेट से शिकस्त मिली। इस मुकाबले में इंग्लिश गेंदबाज महंगे साबित हुए और 326 रनों के बड़े लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके। मेहमान टीम के प्रमुख ऑलराउंडर सैम करन ने इस मैच में शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह किसी 1 वनडे मैच में सर्वाधिक रन लुटाने वाले इंग्लिश गेंदबाज बन गए।आइए उनके इस रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं। करन इंग्लैंड की ओर से पहला ओवर करने आए, जिसमें उन्होंने 11 रन खर्च किए। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे ने पावरप्ले के ओवरों में उनके खिलाफ आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इसके बाद कैरेबियाई कप्तान शाई होप और रोमारियो शेफर्ड ने भी करन की खूब पिटाई की। करन ने अपने 9.5 ओवर में 9.8 की इकॉनमी रेट से 98 रन खर्च किए। इस बीच वह कोई विकेट भी नहीं ले सके। करन ने एक मैच में इंग्लैंड से सर्वाधिक रन पिटाने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने स्टीव हार्मिसन (0/97, बनाम श्रीलंका) और क्रिस जॉर्डन (1/97, बनाम न्यूजीलैंड) को पीछे छोड़ा। इन गेंदबाजों के अलावा जेक बॉल, जेम्स एंडरसन (2 बार), लियाम प्लंकेट और क्रिस वोक्स वनडे मैच में 90 या उससे अधिक रन देने वाले अन्य इंग्लिश गेंदबाज हैं। करन के नाम अब 1 वनडे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन देने का रिकॉर्ड भी बन गया है।

करन के वनडे करियर पर एक नजर

करन ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में अब तक 30 मैच खेले हैं, जिसमें 42.26 की औसत और 6.28 की इकॉनमी रेट के साथ 30 विकेट ही लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 48 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। बल्लेबाजी में उन्होंने 22.80 की औसत और 97.64 की स्ट्राइक रेट के साथ 456 रन बनाए हैं। इस बीच वह 1 अर्धशतक भी अपने नाम कर चुके हैं।

नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ की 'मस्त में रहने का' का ट्रेलर जारी, फिल्म कब आएगी

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता ने हाल ही में अपनी नई फिल्म 'मस्त में रहने का' का ऐलान किया था। इसमें वह जैकी श्रॉफ के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 8 दिसंबर को OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मस्त में रहने का' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। नीना और जैकी की दमदार अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। 'मस्त में रहने का' का निर्देशन विजय मौर्य ने किया है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने एक्स हैंडल पर 'मस्त में रहने का' का ट्रेलर साझा किया है। इस फिल्म में राखी सावंत भी हैं, जो लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में अभिषेक चौहान, मोनिका पंवार और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

'कॉफी विद करण 8' में आएंगे विक्की कौशल और कियारा

बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक और निर्माता करण जौहर का लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण 8' अपने पहले एपिसोड से ही जबरदस्त चर्चा में है। पिछले 6 एपिसोड्स के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद अब 'कॉफी विद करण 8' का नया प्रोमो सामने आ चुका है। इस सप्ताह विक्की कौशल अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। सामने आए प्रोमो में करण, विक्की और कियारा से ढेर सारी बातें करते नजर आ रहे हैं। करण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर 'कॉफी विद करण 8' का नया प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'खूबसूरत अभिनेत्री और सैम बहादुर 'कॉफी विद करण 8' के नए एपिसोड में काउच की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं।' यह एपिसोड गुरुवार (7 दिसंबर) को डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। यह पहली बार होगा जब विक्की और कियारा चैट शो 'कॉफी विद करण' में साथ नजर आएंगे।

'बड़े मियां छोटे मियां': इस दिन फिल्म से दिखेगी सितारों के दमदार एक्शन की झलक

आने वाले दिनों में टाइगर श्रॉफ एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। 'बड़े मियां छोटे मियां 2' उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इसमें अक्षय कुमार भी मुख्य भूमिका हैं। अब फिल्म के टीजर से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां 2' का टीजर ऋतिक रोशन की 'फाइटर' के साथ जारी किया जाएगा। यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। 'बड़े मियां छोटे मियां 2' का टीजर एक्शन से लबरेज होगा। इसी के साथ फिल्म का प्रचार शुरू होगा। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने किया है। फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। 'बड़े मियां छोटे मियां 2' के अलावा टाइगर 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'सिंघम अगेन' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें रणवीर सिंह, करीना कपूर, अजय देवगन, अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण भी हैं। अक्षय की फिल्मों की बात करें तो वह वर्तमान में फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त 'हाउसफुल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा अभिनेता 'स्काई फोर्स' का हिस्सा हैं। मराठी फिल्म 'वेदत मराठे वीर दौडले सात' भी अक्षय के खाते से जुड़ी है।

गौहर खान ने खरीदी मर्सिडीज

गौहर खान ने हाल ही में खुद को उपहार में एक नई चमचमाती गाड़ी दी है। उन्होंने काले रंग की मर्सिडीज-बेंज GLE SUV खरीदी है, जिसकी भारत में कीमत 1 करोड़ रुपये है। गौहर की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें वह अपने पति जैद दरबार के साथ नजर आ रही हैं। सामने आईं तस्वीरों में दोनों गाड़ी के साथ पोज देते दिख रहे हैं। आइए एक नजर गौहर के कार कलेक्शन पर डालते हैं। गौहर के पास मर्सिडीज GLA है, जिसकी कीमत 44 लाख रुपये है। इसके अलावा वह 80 लाख रुपये की ऑडी Q7 की मालकिन हैं। बता दें, गौहर और जैद ने इसी साल 10 मई में अपने पहले बच्चे का दुनिया में स्वागत किया था। गौहर और जैद ने 2021 में शादी रचाई थी। दोनों की उम्र में 13 साल का अंतर है। जहां गौहर 40 साल की हैं, वहीं जैद की उम्र 27 साल है।

न्यूज़ ब्रीफ

लाउडस्पीकर की आवाज कम न करने पर मौलाना और मुतवल्ली पर केस दर्ज

सीतापुर। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बजाने के मामले में पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। जिले में पुलिस ने 15 दिनों के भीतर 12 लाउडस्पीकर उतरवाए और 356 लाउडस्पीकर की आवाज कम कराई। पुलिस के समझाने पर लाउडस्पीकर की आवाज कम न करने पर मौलाना व मुतवल्ली पर केस दर्ज किया गया है। नगर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी ग्वालमंडी में लाउडस्पीकर से तेज आवाज आ रही थी। धार्मिक भावनाओं को देखते हुए वह रुक गए और जब सभी लोग नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर निकल आए तब उन्होंने अजान देने वाले व्यक्ति के बारे में लोगों से पूछताछ की। कोतवाल ने बताया कि खैराबाद के मियां सरायं निवासी मौलवी अब्दुल्ला व ग्वालमंडी के रहने वाले मुतवल्ली बब्बू खां पर केस दर्ज किया गया है। साथ में मौजूद सिपाहियों ने वहां लगे दो लाउडस्पीकर उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दी। बताया कि लगातार समझाने के बावजूद लोग तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने से नहीं मान रहे हैं। इससे पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ रही है।

शादी के दूसरे दिन ही दुल्हन ने बदला रंग

बरेली। बिजली विभाग के सहायक अभियंता की पत्नी गाड़ी, जेवर व रुपये लेकर भाग निकली। उल्टा 50 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। मांग न पूरी करने पर फर्जी मुकदमा लिखवा कर जेल भिजवाने की धमकी दी। सहायक अभियंता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने पत्नी समेत 11 के विरुद्ध रंगदारी, मारपीट, बलवा, चोरी व धमकी की धारा में प्राथमिकी लिखकर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सहायक अभियंता ने बताया कि जीवन साथी डॉट काम से रिश्ता तय हुआ। दिसंबर 2022 में शादी हुई। विवाह में 18 लाख 50 हजार रुपये कीमत की कार पत्नी के नाम ली। आरोप है कि विवाह के बाद ही पत्नी का रंग (बर्ताव) बदल गया। बात-बात पर वह आग बबूला हो जाती और गाली-गलौज शुरू कर देती। एक दिन पत्नी का फोन चेक किया तो पति के पैरों तले जमीन खिसक गई। पता चला कि पत्नी की कई लोगों से बातचीत होती है। इसकी शिकायत पत्नी के माता-पिता व बहनों से की तो उन्होंने भी अभद्रता शुरू कर दी। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे, जिससे पीड़ित मानसिक अवसाद में चला गया।

शहनाज पे गांव में दोस्तों के साथ ढोल पर किया डांस

नई दिल्ली। बॉलीवुड शहनाज गिल इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने में लगी हुई हैं। इस साल उनकी एक नहीं बल्कि दो-दो फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्में पर्दे पर कुछ कमाल नहीं कर पाई, लेकिन शहनाज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह दोस्तों के साथ ढोल पर भांगड़ा करती नजर आ रही हैं। शहनाज गिल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन अपनी नई-नई तस्वीरें और वीडियोज साझा करती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। सोमवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह दोस्तों के साथ ढोल पर जमकर डांस करती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में देख सकते हैं सब एक के बाद एक पंजाबी स्टाइल में गाना गाते नजर आ रहे हैं डांस भी करते दिखाई दे रहे हैं।

लालू और नीतीश की सियासी जमीन खतरे में !

चुनावी मैदान में कूदेंगे प्रशांत किशोर, लगा दी JDU में सेंध

एजेंसी । दरभंगा

बिहार की राजनीति में अपनी पैठ बना रहा जन सुराज संगठन साल 2025 के चुनावों में ताल ठोकेगा। इस बात का एलान खुद इसके प्रणेता प्रशांत किशोर ने कर दिया है। चुनावों में जन सुराज के दल के तौर पर उतरने से राजद सुप्रीमो लालू यादव और जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुनौती बढ़ना तय है। बीजेपी के साथ-साथ अब प्रशांत किशोर भी उनके सामने चैलेंज बनकर उभरेंगे। प्रशांत किशोर सोमवार को सिंहवाड़ा के महावीर मंदिर मैदान कलिगांव से पदयात्रा के पूर्व मीडिया से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2025 में जनसुराज एक दल के तौर पर 243 विधानसभा सीटों पर लड़ता दिखेगा। इधर, पीके के इस एलान के साथ ही जिले में जदयू को एक बड़ा झटका भी लगा है। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उन्होंने सोमवार को ही उन्होंने जदयू के अन्य नेताओं के साथ जन सुराज का दामन थाम लिया है।

भाजपा को वोट मिलने के कारण बताए

प्रशांत किशोर ने इस दौरान भाजपा को विधानसभा चुनावों में वोट मिलने के कारण भी बताए। उन्होंने कहा कि बीजेपी को वोट मिलने के चार कारण हैं। पहला उनकी हिंदुत्व विचारधारा। दूसरा नया राष्ट्रवाद। तीसरा एक बहुत बड़ा वर्ग केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों का है। पीके ने चौथा कारण बताया कि बीजेपी का जो अपना संगठन है, उसकी जो संगठनात्मक और आर्थिक ताकत है, उससे भी बहुत अंतर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संगठन की जितनी ताकत है, उसके मुकाबले में अन्य पार्टियों के संगठन को मजबूत होना होगा। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने इस दौरान प्रदेश में शराबबंदी खत्म करने की सलाह नीतीश सरकार को दी। उन्होंने कहा कि शराबबंदी की वजह से प्रदेश को हर साल 15 से 20 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं, उन्होंने अमेरिका में मधबुनी का मखाना खरीदने वाले अपने दोस्त का जिक्र किया। उन्होंने पानी का सही प्रबंधन करने, मछली कारोबार को लेकर भी अपनी बात कही।

अपने दम पर पार्टी लड़ेगी चुनाव

जानकारी के अनुसार, प्रशांत किशोर ने सोमवार को यहां 12 .4 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2025 में जनसुराज एक दल के तौर पर 243 विधानसभा सीटों पर लड़ता दिखेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में जनसुराज अकेले अपने दम पर 243 विधानसभा में शिक्षित व कुशल छवि के उम्मीदवारों के साथ निर्णायक फैसला बिहार के विकास के लिए लेगी।

जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी :

इधर, सोमवार को दरभंगा जिले में जदयू को बड़ा झटका लगा। यहां जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. मंतोष कुमार साहनी ने जदयू की प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी अध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में उन्होंने कहा कि जदयू में उनकी अनदेखी की जा रही थी। उन्होंने पत्र में कहा कि निस्वार्थ भावना से आठ सालों से विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए काम किया। परंतु पार्टी में जो मान-सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल रहा था। ।टवा स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के विचारों से प्रभावित होकर अपने साथियों के साथ जन सुराज की सदस्यता ली है।

देश में हत्या के मामलों में 2022 में मामूली गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपना नवीनतम डेटा जारी किया है, जो 2022 में पूरे देश में हत्या के मामलों में मामूली कमी का संकेत देता है। इसके अनुसार, पिछले साल हत्या की 28,522 प्राथमिकी दर्ज की

गईं यानी औसतन प्रतिदिन 76 हत्याएं हुईं। वर्ष 2021 में हत्या की 29,272 प्राथमिकियाँ दर्ज की गई थीं। रिपोर्ट में इन अपराधों के पीछे के प्राथमिक उद्देश्यों की पहचान भी की गई है। विवाद में सबसे ज्यादा 9,962 हत्याएँ हुईं। इसके बाद व्यक्तिगत प्रतिशोध या शत्रुता (3,761) और लाभ (1,884) के मामले रहे।

आंकड़ों से पता चला कि हत्या के 95।4 फीसदी पीड़ित वयस्क थे, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत पुरुष थे। पीड़ितों में 8,125 महिलाएं और नौ तीसरे लिंग के व्यक्ति शामिल थे। महानगरीय शहरों में हत्या के मामलों में 3।9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2022 में 2,031 तक पहुंच गई।

प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर 2.1 रही, जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 81.5 फीसदी थी।

दिल्ली में 2022 में हत्या के 509 मामले दर्ज

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 3,491 एफआईआर हुई। इसके बाद बिहार (2,930), महाराष्ट्र (2,295), मध्य प्रदेश (1,978), और राजस्थान (1,834) हैं। कुल मिलाकर, इन पांच राज्यों में देश में हत्या के 43 ।92 फीसदी मामले होते हैं। इसके विपरीत, सिक्किम (9), नागालैंड (21), मिजोरम (31), गोवा (44), और मणिपुर (47) में 2022 में हत्या के सबसे कम मामले दर्ज किए गए। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में 2022 में हत्या के 509 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद जम्मू और कश्मीर (99), पुडुचेरी (30), चंडीगढ़ (18), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (16), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (7), लद्दाख (5), और लक्षद्वीप (0) हैं।

बायजू में बढ़ा संकट, कर्मचारियों की सैलरी के लिए घर गिरवी रख रहे कंपनी के मालिक

एजेंसी । नई दिल्ली

आर्थिक संकट से जूझ रही एडुटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, बायजू के कर्मचारियों को सैलरी मिलने में देरी हुई है। इस देरी के बीच खबर है कि बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन ने अपने घर को गिरवी रखकर पैसे जुटाए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए अपने अलावा परिवार के अन्य सदस्यों के स्वामित्व वाले घर को भी गिरवी रख दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवार के स्वामित्व वाले दो घर और एप्सिलॉन में उनका निर्माणाधीन विला 12 मिलियन डॉलर रकम के लिए गिरवी रखा गया है। सोमवार को बायजू की मूल कंपनी, थिंक एंड लर्न प्राइवेट में 15,000 कर्मचारियों को वेतन देने के लिए रकम का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, रवींद्रन और बायजू के

प्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया नहीं दी है।

संकट में है कंपनी

दिग्गज स्टार्टअप रही बायजू अपने यूएस-आधारित बच्चों के डिजिटल रीडिंग प्लेटफॉर्म को लगभग 400 मिलियन डॉलर में बेचने की प्रक्रिया में है। बायजू 1.2 अरब डॉलर के टर्म लोन पर ब्याज भुगतान में चूक को लेकर लेनदारों के साथ कानूनी लड़ाई में भी फंसी हुई है। बता दें कि बायजू के मालिक रवींद्रन 5 अरब डॉलर के मालिक रहे हैं। रवींद्रन ने कंपनी में अपने सभी शेयर गिरवी रखकर व्यक्तिगत स्तर पर लगभग 400 मिलियन डॉलर का कर्ज उठाया है।

जुड़े हैं कई विवाद

हाल ही में एक रेटिंग एजेंसी ने बायजू का वैल्यूशन कम कर दिया है। वहीं, ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 9,362.35 करोड़ रुपये की राशि के उल्लंघन के लिए बायजू और रवींद्रन को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसी तरह, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा इसे राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण में भी घसीटा गया है।

दुकानदार चाऊमीन को कराने लगा 'गंगा स्नान', VIDEO देख हैरत में पब्लिक

एजेंसी । नई दिल्ली

अक्सर लोग स्ट्रीट फूड्स में नूडल्स काफी पसंद करते हैं। बच्चों और बड़ों दोनों को नूडल्स खाना बहुत भाता है। हालांकि, वे जानते हैं कि नूडल्स स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं होते हैं, फिर भी वे टेस्ट के आगे हेल्थ को किनारा कर नूडल्स का लुत्फ उठाते हैं। वहीं इन दिनों नूडल्स से जुड़ा एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इस वीडियो को देखने के बाद नूडल्स पसंद करने वाले लोग इसे एक बार खाने से पहले जरूर सोचेंगे।

फास्ट फूड सेंटर में नूडल्स भी सबसे अधिक बिकने वाले खाद्य पदार्थों में से एक है। चीन से आये ये नूडल्स हर किसी को पसंद आते हैं। मैगी और यिप्पी जैसे ब्रांडेड नूडल्स के विपरीत, देशी तरह से

बनाए जाने वाले नूडल्स को लोग खूब पसंद करते हैं। इन्हें चाऊमीन नूडल्स कहा जाता है। हाल के दिनों वायरल हो रहे वीडियो पर गौर करें तो कुछ लोगों को नदी के किनारे देखा जा सकता है। एक आदमी नदी में उतरता है और हाथ में प्लास्टिक की टोकरी लेकर उसे पानी में डुबोता है। उस टोकरी में क्या है पहले तो समझ नहीं आता लेकिन जब वह टोकरी को तीन बार पानी में डुबाता है और बाहर निकालता है, तो पके हुए नूडल्स टोकरी के छेद से बाहर निकलते हुए दिखाई देते हैं। ऐसा लग रहा है शायद दुकानदार ने नूडल्स को पकाने के बाद ठंडे पानी में डालकर चिपकने से रोकने के इरादे से ऐसा किया। यह और भी चौंकाने वाली बात थी कि आसपास के इतने सारे लोगों में किसी को इसकी परवाह नहीं है। एक शख्स ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया और यह वीडियो वायरल हो रहा है।

फिर जल उठा मणिपुर... दो पक्षों के बीच फायरिंग में 13 लोगों की मौत

एजेंसी । नई दिल्ली

मणिपुर में सोमवार को हिंसा का ताजा मामला सामने आया है। यहां दो पक्षों के बीच फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई है। सेना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि आज सुबह लगभग 10.30 बजे तेंग्नौपाल जिले के एक कुकी इलाके में फायरिंग की जानकारी मिलने के बाद असम राइफल्स के जवानों ने एक ऑपरेशन चलाया और तेंगनौपाल जिले के लीथू इलाके से 13 शव बरामद किए हैं। पुलिस हिंसा में जान गवाने वालों की पहचान में जुटी हुई है। बता दें कि इससे पहले बीते कल यानी 3 दिसंबर

को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के कुकी-ज़ो आदिवासी संगठनों ने केंद्र सरकार और मैतेई उग्रवादी समूह, यूएनएलएफ (पामबेई) के बीच हालिया 'शांति समझौते' का स्वागत किया था। हालांकि, उन्होंने कुकी बाहुल्य इलाकों में सरेंडर करने वाले उग्रवादियों के लिए कैंप लगाने की बात की बात विरोध किया।

बता दे कि मणिपुर में मैतेई समुदाय ने सरकार से अनुसूचित जनजाति की मांग किया था, जिसका कुकी समुदायों ने विरोध किया था। इसी को लेकर दोनों समुदायों 3 मई को हिंसा शुरू हुई थी, जो सात महीने बाद भी दहक रही है। इस हिंसा में अबतक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं।

शहरों में और मजबूत हुई भाजपा, गांवों में बढ़ा जनाधार

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे और उनकी व्यापक अपील के फलस्वरूप भाजपा के संदर्भ में इस धारणा को बदल लेने की जरूरत है कि उसका मुख्य जनाधार शहरी इलाके हैं, क्योंकि जनमत परीक्षण के ताजा दौर में उसने शहरी के साथ-साथ अर्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में भी अपना वोट बैंक उल्लेखनीय तरीके से बढ़ाया। शहरी इलाकों में उसका वोट प्रतिशत तो तीनों राज्यों में 50 से ऊपर है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसकी दर्शनीय जीत के कई कारण हैं, जिनका व्यापक असर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बराबर देखने को मिला। मध्य प्रदेश में उसने शहरी और ग्रामीण इलाकों में सात प्रतिशत से अधिक अपना वोट प्रतिशत बढ़ाया है और यह कितना असरदार है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शहरी क्षेत्र में उसने पचास प्रतिशत का आंकड़ा आसानी से पारकर 56 प्रतिशत मत हासिल किए। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 7.3 प्रतिशत ज्यादा है। अर्धशहरी यानी कस्बाई इलाकों में उसका वोट प्रतिशत लगभग 49

प्रतिशत है- पिछली बार से 5.9 प्रतिशत अधिक। इस राज्य में ग्रामीण इलाकों में पार्टी को पिछले साल के मुकाबले 7.5 प्रतिशत अधिक 47.5 प्रतिशत वोट मिले।

कांग्रेस को हुआ भारी नुकसान

दूसरी ओर कांग्रेस को शहरी और अर्ध शहरी इलाकों, दोनों जगह नुकसान का सामना करना पड़ा। शहरी क्षेत्रों में उसे 41.1 प्रतिशत वोट मिले। यह पिछली बार से लगभग तीन प्रतिशत कम हैं, जबकि अर्धशहरी इलाकों में उसका वोट प्रतिशत 38.1 (पिछली बार से 1.8 प्रतिशत कम) रहा। ग्रामीण इलाकों में पार्टी जरूर 41.3 प्रतिशत वोट पाने में सफल रही। यहां उसने अपना जनाधार लगभग कायम रखा है।

राजस्थान में वोट फीसद बढ़ाने में कामयाब रही भाजपा

राजस्थान में सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा सभी जगह अपना वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। उसे शहरी इलाकों में 53.2, अर्धशहरी क्षेत्रों में 41.2 और गांवों में 40.3 प्रतिशत वोट मिला। कांग्रेस सभी जगह पिछड़ती चली गई है। उसे ग्रामीण इलाकों को छोड़कर हर जगह नुकसान भी हुआ। कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन तो किया, लेकिन वह न तो भाजपा की इन इलाकों में कमजोरी का फायदा उठा सकी और न ही उसे अपनी स्थिति और मजबूत करने से रोक सकी।

हंगामा भारी बवाल, शिक्षिका सस्पेंड

डेस्क पर जय श्री राम लिखने पर 7वीं के छात्र के मुंह पर लगाया फ्लूड

एजेंसी । गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले में एक छात्र का डेस्क पर 'जय श्री राम' लिखना शिक्षिका को इस कदर नागवार गुजरा कि उसने बच्चे के बाल, मुंह और सिर पर फ्लूड पोत दिया। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को लगी बवाल बढ़ गया। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आकाश नगर के होली ट्रिनिटी चर्च स्कूल पहुंच कर जमकर हंगामा किया। मामला बढ़ता देख प्रिंसिपल ने आक्रोशित लोगों से माफी मांगी और संबंधित शिक्षिका को तत्काल निलंबित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आकाश नगर में सातवीं के एक छात्र ने सोमवार सुबह डेस्क पर 'जय श्री राम' लिख दिया। ऐसा करने पर उसकी शिक्षिका ने सजा के रूप में उसके बाल, मुंह व सिर पर फ्लूड लगा दिया और अन्य छात्रों के सामने ऐसे ही बैठाए रखा। फिर छुट्टी से पहले थिनर से उसे साफ कर दिया। किसी तरह यह जानकारी बच्चे के घरवालों को मिली तो वह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लेकर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे स्कूल पहुंच गए।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और मौके पर पुलिस भी बुला ली। मामला बढ़ता प्रिंसिपल ने शिक्षिका को निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे मामले में माफी मांगी। विश्व हिंदू परिषद के महानगर प्रचार प्रमुख अश्विनी शर्मा ने बताया कि स्कूल की हेड मिस्ट्रेस मधुलिका जोसेफ से मिलकर कड़ी आपत्ति दर्ज की तो उन्होंने माफी मांगते हुए संबंधित शिक्षिका को निलंबित कर दिया। साथ ही ये भी लिखकर दिया है कि भविष्य में ना तो ऐसी घटना दोबारा होगी और ना ही बच्चे पर कोई कार्रवाई होगी।

पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

मामले में स्कूल प्रबंधन से कोई बात नहीं हो सकी। यह पहला मामला नहीं है। गाजियाबाद जिले में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। डासना के एक कॉलेज में जय श्री राम बोलने पर छात्र को धमकाने का मामला सामने आया था। उससे पहले एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एक समारोह के दौरान स्टेज पर छात्र ने जय श्री राम का नारा लगाया था, जिसके बाद वहां मौजूद शिक्षिकाओं ने उसे स्टेज से नीचे उतार दिया था। तब इस मामले को लेकर भी काफी हंगामा हुआ था। बाद में कॉलेज प्रबंधन ने संबंधित दो शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया था।

जान से ज्यादा कीमती है मेरी गाड़ी

पूर्व पीएम की बहू का बाइक सवार पर फूटा गुस्सा

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो एक बाइकर को डांटते नजर आ रही हैं। दरअसल, पूर्व पीएम की बहू रेवन्ना की लग्जरी कार से शख्स की बाइक लकरा गई थी। जिसके बाद शख्स पर उनका गुस्सा फूट गया। वायरल वीडियो में भवानी को भवनी रेवन्ना कहती नजर आ रही हैं कि तुम्हारी जान से ज्यादा कीमती उनकी लग्जरी कार है। "अगर तुम मरना चाहते थे, तो तुम्हें बस के नीचे जाना चाहिए था। तुम मेरी कार से मरना चाहते थे। तुम गलत दिशा में गाड़ी क्यों चला रहे थे?... मरने की चिंता करना बंद करो यार। मेरी 1.5 करोड़ रुपये की कार का क्या होगा" उन्होंने आगे बाइकर पर चिल्लाते हुए कहा, ₹क्या तुम इसकी मरम्मत के लिए 50 लाख रुपये दोगे,₹ इस दौरान एक शख्स मोटर साइकिल चालक को डांटते हुए विवाद को शांत कराने की कोशिश की। वीडियो सामने आने के बाद लोग रेवन्ना की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

पति ने दी सफाई

बता दें कि मामला तूल पकड़ने के बाद रेवन्ना के पति और एच.डी. रेवन्ना ने अपनी पत्नी के व्यवहार के लिए लोगों से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी भवानी की बातों से आहत हुआ हो तो मैं माफी मांगता हूं। उसके दोस्त की कार क्षतिग्रस्त होने पर उसे गुस्सा आ गया। भवानी ने अपने जीवन में कभी किसी को चोट नहीं पहुंचाई है। गौरतलब है कि घटना पिछले हफ्ते मैसूरु जिले के केआर नगर की है।